दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 139 जयपुर, सोमवार, 29 अप्रैल, 2024 | वैशाख, कृष्ण पक्ष- पंचमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**मुंबई की शिंदेवाड़ी-दादर कोर्ट ने किया गया पेश, 1 मई तक पुलिस हिरासत में भेजा**

## 15000 करोड़ के घोटाले में फरार अभिनेता साहिल अरेस्ट

**एजेंसी** | मुंबई

महादेव सट्टेबाजी एप केस में एक्टर साहिल खान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कोर्ट ने अब उनकी जमानत याचिका खारिज करके चार दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

इस केस की जांच के लिए अब स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का भी गठन किया गया है। साहिल खान को पुलिस हिरासत में लेने के बाद कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने साहिल खान का पासपोर्ट भी जब्त कर लिया था। साहिल को हिरासत में लिए जाने के बाद शिंदेवाड़ी-दादर कोर्ट में पेश किया गया था। पुलिस ने दर्ज एफआईआर में साहिल के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया, लेकिन एक्टर ने जो जमानत याचिका दायर की थी, कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया और एक मई तक के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया। महादेव बेटिंग एप के जरिए लोगों से 15,000 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी की गई थी। इसमें छत्तीसगढ़ की पिछली कांग्रेस सरकार का भी नाम आया था। इस मामले में साहिल खान सहित 32 व्यक्तियों के खिलाफ जांच चल रही है।

### 26 साल छोटी मिलेना से की शादी

साहिल खान ने इस साल फरवरी में अपनी दूसरी शादी के बारे में खुलासा किया था। उसने बताया था कि रूस में सगाई के बाद उसने 26 साल छोटी मिलेना से शादी की है। साहिल और उनकी पत्नी मिलेना के बीच उम्र का बड़ा फासला है। साहिल 47 साल के हैं तो मिलेना 21 साल की हैं। साहिल खान ने साल 2004 में ईरान में जन्मीं अभिनेत्री निगार खान से शादी की थी। हालांकि, शादी के एक साल बाद ही दोनों अलग हो गए थे।

### सट्टेबाजी एप को बढ़ावा देने में करता था अपने सर्किल का इस्तेमाल

साहिल खान पर महादेव सट्टेबाजी एप साइट चलाने और उसे प्रमोट करने के आरोप हैं। मुंबई पुलिस द्वारा महादेव सट्टेबाजी एप केस की जांच में साहिल खान का नाम आया था। इसके बाद एसआईसी ने हाल ही में साहिल खान को बुलाकर उनसे पूछताछ की थी। बताया जा रहा है कि साहिल लोटस बुक 24/7 नाम के एक सट्टेबाजी एप वेबसाइट में भी भागीदार है। यह महादेव सट्टेबाजी एप नेटवर्क का हिस्सा है। साहिल पर लॉयन बुक एप को प्रमोट करने का आरोप लगा है। लॉयन बुक को प्रमोट करने के बाद उसने बतौर पार्टनर लोटस बुक 24/7 एप को भी लॉन्च किया था। साहिल खान सट्टेबाजी एप को बढ़ावा देने के लिए अपने सर्किल का बखूबी इस्तेमाल करता था।



### 40 घंटे तक पीछा करने के बाद जगदलपुर से किया अरेस्ट

अग्रिम जमानत की याचिका बॉम्बे हाई कोर्ट से खारिज होने के बाद साहिल खान मुंबई छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद से पुलिस लगातार उसका पीछा कर रही थी। साहिल खान बार बार अपना लोकेशन बदलता रहा था। पुलिस अधिकारियों ने फरार साहिल खान का लगभग 40 घंटे तक पीछा करने के बाद उसे छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से पकड़ लिया।

**इंडियन कोस्ट गार्ड ने अपने जहाज 'राजरतन' की मदद से ATS और NCB के साथ किया जॉइंट ऑपरेशन**

## पाकिस्तानी बोट से 600 करोड़ की ड्रग्स बरामद

14 पाकिस्तानी नागरिक अरेस्ट




**एजेंसी** | अहमदाबाद

गुजरात के किनारे अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास सुरक्षाबलों ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए रविवार को 14 पाकिस्तानी नागरिकों को बोट समेत गिरफ्तार किया। इस दौरान 86 किलोग्राम ड्रग्स बरामद की गई, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 600 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस ऑपरेशन को इंडियन कोस्ट गार्ड, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और गुजरात एटीएस ने साझा तौर पर अंजाम दिया है। सिक्योरिटी एजेंसियों को पिछले दिनों ड्रग्स तस्करी से जुड़ा खुफिया इनपुट मिला था।

कोस्ट गार्ड ने बताया कि एक सफल ऑपरेशन में इंडियन कोस्ट गार्ड ने 28 अप्रैल की रात समुद्र में खुफिया एंटी-नार्कोटिक्स ऑपरेशन को अंजाम दिया। बोट पर सवार 14 क्रू (सभी पाकिस्तानी नागरिक) को गिरफ्तार किया गया है। इस ऑपरेशन को इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी), गुजरात आतंकी निरोधी दस्ता (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के सहयोग से अंजाम दिया गया। एजेंसियों के मुताबिक, खुफिया इनपुट के आधार पर कोस्ट गार्ड के जहाजों और हवाई जहाजों को ऑपरेशन के लिए तैनात किया गया था। इस दौरान एनसीबी और एटीएस अधिकारियों के साथ कोस्ट गार्ड के जहाज राजरत्न ने संदिग्ध बोट को अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास घेर लिया। बताया जाता है कि नशीली दवाओं से लदी नाव द्वारा अपनाई गई कोई भी टालमटोल की रणनीति उसे नहीं बचा सकी। तटरक्षक बल ने कहा कि जहाज की विशेषज्ञ टीम संदिग्ध नाव पर चढ़ गई और गहन जांच के बाद बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की मौजूदगी की पुष्टि की। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तानी नाव को उसके 14 सदस्यीय चालक दल के साथ पकड़ लिया गया। इस संबंध में एनसीबी के उप महानिदेशक, ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सागर मंथन हाल ही में लॉन्च किया गया था। उनका कहना था कि आम चुनावों के दौरान नशीली दवाओं के खतरे और धन के इस्तेमाल पर अंकुश लगाना महत्वपूर्ण है जिससे मतदाताओं को प्रभावित नहीं किया जा सके।

### समंदर में पहले भी पकड़ी गई ड्रग्स की बड़ी खेप

- गुजरात तट के पास मार्च में भी 60 पैकेट ड्रग्स के साथ एक बोट पकड़ी गई थी। इस दौरान 6 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। यह ऑपरेशन महीनेभर में एजेंसियों द्वारा अरब सागर में दूसरा महत्वपूर्ण एंटी-नार्कोटिक्स ऑपरेशन था। इससे पहले 26 फरवरी को भी पोरबंदर तट के पास 3300 किलो चरस और अन्य नारकोटिक्स के साथ 5 विदेशी नागरिक गिरफ्तार हुए थे।
- एनसीबी ने पिछले दो साल में भारतीय समुद्र में नेवी के साथ तीन अहम ऑपरेशन को अंजाम दिया है। फरवरी 2022 में एक जहाज से 221 किलो मेथाम्फेटामीन बरामद की गई थी। अक्टूबर 2022 में केरल के किनारे पर एक जहाज से 200 किलो हेरोइन जब्त की गई थी।
- मई 2023 में एनसीबी ने एक पाकिस्तानी जहाज से 2500 किलो मेथाम्फेटामीन बरामद की थी। इसकी कीमत 12 हजार करोड़ रुपए थी। यह जहाज भारत, श्रीलंका और मालदीव में कार्टेल्स को ट्रांसफर करने से पहले हिंद महासागर में रोक लिया गया था।

**उन्नाव में भीषण सड़क हादसा, कई घायल**

## बस को चीरते हुए निकल गया ट्रक, आठ की मौत

**एजेंसी** | उन्नाव

यूपी के उन्नाव में रविवार की दोपहर भीषण हादसा हो गया। आमने-सामने की टक्कर के बाद ट्रक ने बस को एक साइड से चीर दिया। इससे आठ लोगों की मौत हो गई है, जबकि 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इनमें कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। डॉक्टरों ने सभी को प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर हुई है।

रविवार दोपहर बांगरमऊ से ढाई दर्जन सवारियां लेकर प्राइवेट बस उन्नाव आ रही थी। इसी दौरान सफीपुर क्षेत्र के जमल्दीपुर गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। रफ्तार तेज होने से ट्रक बस का दाहिना हिस्सा चीरता चला गया। सवारियों को हटने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में मौके पर आठ ने दम तोड़ दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सफीपुर सीएचसी भेजा, जहां से गंभीर घायलों को जिला अस्पताल और हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया।



**कर्नाटक की राजनीति में भूचाल**

## सेक्स स्कैंडल में फंसे पूर्व PM देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना



**कई अश्लील वीडियोज वायरल, भागे विदेश**

**एजेंसी** | बेंगलुरु

लोकसभा चुनाव के बीच कर्नाटक की राजनीति में भूचाल आ गया है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और हसन लोकसभा सीट से जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना कथित सेक्स स्कैंडल में फंस गए हैं। कर्नाटक सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। इस बीच, प्रज्वल ने देश छोड़ दिया है और वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट चले गए हैं। 26 अप्रैल को हुए कर्नाटक के पहले फेज के मतदान से दो दिन पहले ही सोशल मीडिया पर कई वीडियोज वायरल हुए। वहीं, हसन सांसद ने भी एफआईआर दर्ज करवाते हुए कहा है कि वीडियोज में छेड़छाड़ की गई है और उनकी छवि खराब करने और वोटर्स के दिमाग में जहर भरने के लिए उसे प्रसारित किया जा रहा है। रेवन्ना हसन लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार थे, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। बीजेपी ने प्रज्वल रेवन्ना मामले से दूरी बना ली है। राज्य में बीजेपी और जेडीएस का लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन है। कांग्रेस की महिला यूनिट की सदस्यों ने सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। 33 वर्षीय जेडीएस सांसद के खिलाफ नारे लगाते हुए तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

## जरूरी खबर

### एकल पट्टा केस में धारीवाल को सरकार की क्लीनचिट



**जयपुर**। प्रदेश के एकल पट्टा मामले में चल रही राजनीति पर रविवार क विराम लग गया। 10 साल पुराने इस केस में विधायक शांति धारीवाल सहित तीन अधिकारियों को भजनलाल सरकार ने क्लीन चिट दे दी है। वसुंधरा सरकार की ओर से पूर्ववर्ती सरकार पर भ्रष्टाचार और सरकारी खजाने को वित्तीय नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। इस मामले में तत्कालीन यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल पर पूरी तरह नियमों की पालना नहीं करने का आरोप लगाया गया था। अब इस केस में वर्तमान राज्य सरकार ने किसी भी तरह का वित्तीय नुकसान नहीं होने की जानकारी कोर्ट को दी है। दिलचस्प तथ्य यह है कि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर एसएलपी में चुनावों के बीच 22 अप्रैल को जवाब पेश किया है। इसमें सरकार ने कहा है कि एकल पट्टा प्रकरण में कोई मामला नहीं बनता है।

### CSK ने SRH को हराया, ऋतुराज ने 98 की खेली पारी




**चेन्नई**। चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रनों से हरा दिया है। CSK की जीत के सबसे बड़े हीरो ऋतुराज गायकवाड़ और तुषार देशपांडे रहे। गायकवाड़ ने 98 रन की पारी खेली, वहीं देशपांडे ने 4 अहम विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी SRH की टीम 134 रनों के स्कोर पर ऑल-आउट हो गई। हैदराबाद की शुरुआत बिल्कुल भी अच्छी नहीं रही क्योंकि टीम 40 रन के स्कोर तक अपने तीनों टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों का विकेट गंवा चुकी थी। इस बार हेनरिक क्लासेन भी कुछ कमाल नहीं दिखा पाए क्योंकि वो 21 गेंद खेलकर केवल 20 रन की पारी खेल सके। चेन्नई ने बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत 78 रनों से मैच को जीत लिया।

**RSS प्रमुख ने हैदराबाद में कहा- संघ ने कभी नहीं किया आरक्षण का विरोध**

## रिजर्वेशन विवाद पर बोले भागवत...जब तक जरूरत हो रहना चाहिए जारी

**एजेंसी** | हैदराबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार कहा कि संघ परिवार ने समाज के कुछ वर्गों को दिए गए आरक्षण का कभी विरोध नहीं किया है। मोहन भागवत का बयान ऐसे समय आया है जब विपक्षी दल दावा कर रहे हैं कि अगर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव जीतकर लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करती है तो संविधान को बदल देगी। बीजेपी सरकार बनने पर आरक्षण की नीति को भी खत्म कर देगी। मोहन भागवत ने हैदराबाद के एक शैक्षणिक संस्थान में कार्यक्रम के दौरान कहा कि आरएसएस का मानना है कि आरक्षण का लाभ तब तक दिया जाना चाहिए, जब तक इसकी जरूरत हो। आरएसएस प्रमुख भागवत ने पिछले साल नागपुर में कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है तब तक आरक्षण दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि भेदभाव समाज में व्याप्त है, भले ही यह दिखाई न देता हो।

लोकसभा चुनाव में बीजेपी जीत की हैट्रिक बनाने के टारगेट के साथ चुनाव लड़ रही है। बीजेपी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 282 सीटें और 2019 के लोकसभा चुनावों में 303 सीटें जीती थीं। इस बार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा की 543 सीटों में से अकेले बीजेपी के लिए 370 से अधिक सीटें और पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के लिए 400 से अधिक सीटें जीतने का आह्वान किया है।



### 9 साल पहले भागवत के बयान ने बिगाड़ा था खेल

साल 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले, मोहन भागवत ने एक विवादास्पद बयान दिया। आरएसएस प्रमुख ने कहा था कि आरक्षण नीति की समीक्षा की जानी चाहिए। भागवत की इस टिप्पणी के बाद विपक्षी पार्टियों को बैठे बिठाए एक मुद्दा मिल गया था। विपक्षी पार्टियों ने यह कहना शुरू कर दिया था कि संघ की सलाह पर बीजेपी चुनाव जीतते ही आरक्षण को समाप्त कर देगी। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा था। महागठबंधन ने बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी को पीछे छोड़ दिया था।

**आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष ने बीजेपी को घेरा:** बीजेपी की ओर से अपने चुनाव प्रचार में बार बार लोगों से इस बार लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा सीटों पर जीत दिलाने की अपील की जा रही है। साथ ही बीजेपी के कुछ नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर बयान दिया है कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो संविधान में संशोधन किया जाएगा। इससे विपक्षी पार्टियों को यह आरोप लगाने का मौका दे दिया है कि अगर बीजेपी तीसरी बार सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी। इससे संविधान और हाशिए पर चल रहे लोगों को मिल रहा आरक्षण का लाभ खत्म हो जाएगा।

**भाजपा ने भी किया पलटवार:** वहीं बीजेपी ने भी संविधान बदलने से जुड़े कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के आरोपों को झूठा बताया है। बीजेपी ने यह कहना शुरू कर दिया गया है कि अगर कांग्रेस की अगुवाई वाला इंडिया ब्लॉक अगर सत्ता में आई तो दलितों और ओबीसी को आरक्षण के कोटा लाभ से वंचित कर देगी और अपने वोट-बैंक को ध्यान में रखते हुए धर्म-आधारित आरक्षण के लिए जमीन तैयार करेगी। साथ ही बीजेपी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस अगर सत्ता में आई तो लोगों से उनकी संपत्ति छीन लेगी और इनहेरिटेंस टैक्स दोबारा कड़ाई से लागू करेगी।

## जरूरी खबर

### स्ट्रॉन्ग रूम में रखी ईवीएम की चार लेयर में सुरक्षा



**बेधड़क.जयपुर।** हाल ही में राजसमंद संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव 2024 का द्वितीय चरण शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है। इसके बाद ईवीएम को कड़ी सुरक्षा के साथ राजसमंद के बालकृष्ण स्टेडियम में बनाए स्टॉन्ग रूम में सुरक्षित रखवाया गया है। बता दें कि राजसमंद कलेक्टर डॉ. भंवरलाल और राजसमंद एसपी मनीष त्रिपाठी के निर्देश पर इन ईवीएम की चार लेयर्स में सुरक्षा की जा रही है। इसी के चलते राजसमंद कलेक्टर और एसपी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए रविवार फिर अचानक बालकृष्ण स्टेडियम पहुंचे।

### घर से बाइक चोरी, पीड़ित ने कराई रिपोर्ट दर्ज

**बेधड़क.जयपुर।** शहर में वाहन चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही है। शांति नगर, गुर्जर की थड़ी निवासी गुरुदयाल गुर्जर की बाइक चोरी हो गई। इसकी मानसरोवर थाने में पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुरुदयाल ने बताया कि उसकी सीडी डिलेक्स बाइक आरजे-14 एचएस 2680 ए-21, शांतिनगर गुर्जर की थड़ी से 15 अप्रैल को चोरी हो गई। पीड़ित ने इसकी सूचना अगले दिन 100 नंबर पर दी। पीड़ित ने घर में शादी होने के कारण 22 अप्रैल को चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन अभी तक इसका कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्रत्याशी को जेड प्लस सुरक्षा देने की उठाई मांग



**बेधड़क.जयपुर।** शिव विधायक और बाड़मेर संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी को मिल रही धमकियों को लेकर मारवाड़ राजपूत सभा की ओर से रविवार को मारवाड़ राजपूत सभा भवन में बैठक हुई। अध्यक्ष हनुमान सिंह रवांगटा की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य सरकार से भाटी को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग की गई। रवांगटा ने में कहा कि वर्तमान में बाड़मेर संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी को धमकियां मिल रही हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल को उन्हें शीघ्र ही जेड प्लस सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। भाटी को मिल रही धमकियों को राजपूत समाज गंभीरता से ले रहा है। इसी तरह राज्य सरकार को भी गंभीरता से लेकर शीघ्र उचित कदम उठाया जाना चाहिए।

---

### खान के कांग्रेस से निष्कासन के बाद दोनों नेताओं में मेलजोल के निकाले जा रहे कई राजनीतिक मायने

# अमीन खान से भाटी की मुलाकात के बाद सियासी चर्चा तेज

**बेधड़क** | जयपुर

देश की सबसे चर्चित सीटों में से एक बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट लोकसभा चुनाव के बाद भी चर्चाओं में है। मतदान संपन्न होने के बाद कांग्रेस ने पार्टी के कद्दावर नेता अमीन खान को 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है।

वहीं, रविवार को निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी ने मारवाड़ के कद्दावर नेता अमीन खान के निवास पर पहुंच कर उनसे मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। रविंद्र सिंह भाटी ने अमीन खान के साथ हुई मुलाकात का फोटो भी अपने सोशल मीडिया के अकाउंट पर साझा की है। इतना ही नहीं, भाटी ने अपनी पोस्ट में अमीन खान की जमकर तारीफ भी की है। दोनों नेताओं की यह मुलाकात सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस मुलाकात को लेकर अब कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।



#### खान की तारीफ के बांधे पुल

रविंद्र सिंह भाटी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर कद्दावर नेता अमीन खान से मुलाकात की जानकारी दी। इस पोस्ट में भाटी ने अमीन खान की जमकर तारीफ की है। भाटी ने लिखा कि "थार की वो शख्सियत जिन्होंने हमेशा सौहार्द व भाईचारे को बनाए रखा। वाकई वर्तमान राजनीति में ऐसे कद्दावर नेता नहीं बचे।" भाटी ने बताया कि शिव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आदरणीय अमीन खान साहब से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया।

#### 6 साल के लिए निष्कासित हैं अमीन खान

गौरतलब है कि 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव का समाप्त होने के तुरंत बाद कांग्रेस ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अमीन खान को 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया था। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने अमीन खान का निष्कासन पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने के कारण किया है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि जिस रविंद्र भाटी से विधानसभा चुनाव में अमीन खान को हार मिली, वो लोकसभा चुनाव में गुप्त रूप से उन्हीं की मदद में खड़े थे।

#### पार्टी से नाराज थे खान

बताया जा रहा है कि अमीन खान का गुप्त रूप से रविंद्र भाटी को सहयोग करने का कारण यह रहा कि विधानसभा चुनाव में पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ने वाले तत्कालीन कांग्रेस के जिला अध्यक्ष फतेह खान को पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासित किया था, लेकिन कुछ ही महीनों में लोकसभा चुनाव के चलते पार्टी में वापस शामिल कर लिया गया। इस बात से पूर्व विधायक अमीन खान पार्टी से नाराज चल रहे थे। वे इस बार कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करने की बजाय धार्मिक यात्रा पर चले गए थे और लोकसभा चुनाव से कुछ दिन पहले ही वापस लौटे। इसके बाद पार्टी ने चुनाव संपन्न होते ही अमीन खान को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया।

---

### सीएम भजनलाल व प्रदेशाध्यक्ष जोशी सहित 150 को मिला जिम्मा

# प्रदेश के BJP नेता अब दूसरे राज्यों की संभालेंगे कमान

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब प्रदेश भाजपा के 150 नेताओं को दूसरे राज्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सभी राज्यों के दौरे पर जाएंगे तो वहीं, पार्टी के दूसरे बड़े नेताओं को राज्यवार जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें सबसे ज्यादा 40 नेताओं को उत्तर प्रदेश का जिम्मा दिया गया है।

सभी नेताओं को तत्काल प्रभाव से तय हुए राज्यों में जाने के निर्देश दिए गए हैं। ये सभी नेता चुनाव वाले लोकसभा क्षेत्रों में जनसभा, जनसंवाद, सामाजिक बैठक, सम्मेलन सहित अन्य गतिविधियों के जरिए केंद्र की योजनाओं का प्रचार करेंगे। गौरतलब है कि पीएम मोदी ने 'इस बार 400 पार' का नारा दिया है। लोकसभा चुनाव में देशभर में 400 पार सीटों पर जीत का दावा कर रही है।

वहीं इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भाजपा के नेता भी कोई कसर छोड़ना नहीं चाह रहे हैं। इसके चलते सभी राज्यों में पार्टी के नेता पूरे जोश के साथ जनता के बीच जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचा रहे हैं। केंद्र में भाजपा सरकार के पिछले दस साल के कामों को जनता के बीच बताया जा रहा है। वहीं इस दौरान पीएम मोदी की ओर से लिए गए अहम फैसलों को भी जनता के बीच रखा जा रहा है।



#### जानें किसे कहां का मिला जिम्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी कमोबेश सभी राज्यों के दौरे पर जाएंगे, जहां ये दोनों नेता चुनावी सभा के साथ भी प्रवासी राजस्थानियों के सम्मेलन में शामिल होंगे। जोशी का पहला दौरा ओडिशा से शुरू होगा। वहीं केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह को पंजाब, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ को हैदराबाद, केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी को उत्तर प्रदेश, प्रदेश कैबिनेट मंत्री झाबर सिंह खर्रा को उत्तर प्रदेश, चुनाव प्रबंधन समिति के नारायण पंचारिया को तेलंगाना, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी को तेलंगाना, कैबिनेट राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को उत्तर प्रदेश और तेलंगाना, जयपुर महापौर सौम्या गुर्जर और भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण बागड़ी को तेलंगाना, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल को उत्तर प्रदेश और ओडिशा का जिम्मा सौंपा गया है।

#### पार्टी के 150 नेताओं को सौंपी जिम्मेदारी

बता दें कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सांसदों, विधायकों, मंत्रियों, महापौर, संगठन के पदाधिकारियों सहित 150 नेताओं को प्रवास की जिम्मेदारी दी है। इसमें सबसे ज्यादा 40 नेताओं को उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा तेलंगाना, ओडिशा सहित सात राज्यों की जिम्मेदारी नेताओं को दी गई है।

---

### IRCTC गर्मियों में कराएगा हवाई सैर

# जयपुर से भर सकेंगे दार्जिलिंग, गंगटोक, कलिम्पोंग के लिए उड़ान



**बेधड़क** | जयपुर

गर्मी की छुट्टियों में पर्यटक स्थलों की हवाई सैर का सपना देखने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है। अब दार्जिलिंग, गंगटोक और कलिम्पोंग के लिए यात्री जयपुर से उड़ान भर सकेंगे। आईआरसीटीसी गर्मियों में यात्रियों की एयर पैकेज की मांग को ध्यान में रखते हुए जयपुर से हवाई जहाज द्वारा पूर्वोत्तर राज्यों की सैर करवाने जा रहा है। इसकी अवधि 5 रात 6 दिन है।

मई महीने मे 14, 21 तथा 28 तारीख़ को टूर जाएगा। जबकि जून माह मे 4 तरीख दूसरा टूर रवाना होगा। इस टूर का किराया 57,250 रुपए प्रति व्यक्ति रखा गया है। इस पैकेज में दार्जिलिंग, गंगटोक, कलिम्पोंग स्तिथ प्रसिद्ध स्थानों की सैर करवाई जाएगी। इनमें कलिम्पोंग के गोल्फ कोर्स, डर्बिन धारा हिल्स और पाइन व्यू फ्लावर नर्सरीज की सैर करवाई जाएगी। वहीं गंगटोक में त्सोम्गो लेक, बाबा हरभजन सिंह मेमोरियल, एंचेय मोनेस्ट्री, गणेश टोक, हनुमान टोक, ताशी व्यू पॉइंट और फ्लावर एक्सिबिशन सेंटर पर पर्यटकों को घुमाया जाएगा। इसी तरह से दार्जिलिंग में टाइगर हिल, घूम मोनेस्ट्री, बतासीअ लूप, हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टिट्यूट, पीएन जूलॉजिकल पार्क तेनज़िंग रॉक, तिब्बतन रिफ्यूजी सेल्फ-हेल्प सेंटर, टी गार्डन और जापानीज टेम्पल की सैर कराई जाएगी।

आईआरसीटीसी के संयुक्त महाप्रबंधक पर्यटन योगेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि इस पैकेज में जयपुर से बागडोगरा हवाई यात्रा द्वारा तथा बागडोगरा से टोयोटा या टवेरा कार द्वारा भ्रमण, डीलक्स होटल में रुकने की व्यवस्था के साथ सुबह का नाश्ता तथा रात्रि भोजन एवं बागडोगरा से जयपुर की हवाई यात्रा शामिल है।

---

### अयोध्या, काशी, गंगासागर के लिए 17 को होगी रवाना

# श्रद्धालु ट्रेन से कर सकेंगे धार्मिक यात्रा

**बेधड़क** | जयपुर



भारतीय रेलवे के उपक्रम इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगन्नाथ पुरी, गंगासागर, काशी विश्वनाथ व अयोध्या धाम यात्रा के लिए ट्रेन चलाने का फैसला किया है।

यह यात्रा 17 मई को उदयपुर से रवाना होकर वाया चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, जयपुर और से सवारियां लेती हुई जाएगी। यात्रा की अवधि 12 दिन की है। इसमे पुरी में जगन्नाथ धाम, कोणार्क के सूर्य मंदिर, गंगासागर तीर्थ, कोलकाता के काली घाट मंदिर, जसडीह में बैधनाथ धाम, गया में महाबोधी मंदिर व विष्णुपद मंदिर, वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, गंगा आरती व अन्य स्थानीय मंदिर तथा अयोध्या में नवनिर्मित रामलला मंदिर व हनुमानगढ़ी तीर्थ जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के दर्शन का मौका मिलेगा। आईआरसीटीसी के संयुक्त महाप्रबंधक पर्यटन योगेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि भारत गौरव टूरिस्ट ट्रैन का यह रेक पूर्णतयः वातानुकूलित है। इसमें गर्मी के मौसम में यात्रियों को कोई असुविधा नही होगी। यात्रा को दो श्रेणियों 'स्टैण्डर्ड केटेगरी' व 'कंफर्ट केटेगरी' में विभाजित किया गया है। स्टैण्डर्ड केटेगरी का के लिए 26,660 और कंफर्ट केटेगरी का शुल्क 31,975 रुपए रखा गया है। इस शुल्क में एसी आवास एवं बस की भी सुविधा मिलेगी।

---

### आधुनिक पत्रकारिता पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित

# मुद्दों पर आधारित हो वर्तमान पत्रकारिता: खर्रा

**बेधड़क** | जयपुर




राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 रिंगस पर स्थित एक होटल में शेखावाटी पत्रकार संस्थान के तत्वावधान में आधुनिक पत्रकारिता पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन संत शिरोमणि मनोहर शरण दास महाराज के सानिध्य में किया गया।

अध्यक्षता खंडेला विधायक सुभाष मील ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा मौजूद रहे। उन्होंने आधुनिक पत्रकारिता पर विचार प्रकट करते हुए कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता शालीनता के साथ मुद्दों पर होनी चाहिए। पहले के जमाने में पत्रकारों को खूब संघर्ष करना पड़ता था और खबर लगाने वाले को भी समाचार पत्र कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन आधुनिक समय में पत्रकारिता का स्तर काफी सरल हो गया है। उन्होंने पत्रकारों से आह्वान करते हुए कहा कि समाज, राज्य और राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं होता। इसलिए देश हित में सकारात्मक व मुद्दों पर आधारित पत्रकारिता होनी चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद सुमेधानंद सरस्वती, स्वतंत्रता सेनानी कालिदास स्वामी, आरसीए के पूर्व सचिव सुभाष जोशी, पालिका उपाध्यक्ष अमित शर्मा, सतत शिक्षा प्रभारी प्रमोद शर्मा, आरएसडब्ल्यूएम के जीएम राजीव दीक्षित ने भी आधुनिक पत्रकारिता पर विचार व्यक्त किए।

शेखावाटी पत्रकार संस्थान द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर आए महिला व पुरुष पत्रकारों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कवयित्री मिनाक्षी पारीक ने राजस्थानी भाषा में काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

---

### 13 लोकसभा क्षेत्र में मतदान की स्थिति

# दूसरे चरण की वोटिंग में ग्रामीण महिलाएं व शहरी पुरुष मतदान में आगे

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं शहरी क्षेत्र की महिलाओं से मतदान करने में आगे रहीं, वहीं शहरी क्षेत्र के पुरुषों ने ग्रामीण क्षेत्रों के पुरुषों से अधिक मतदान किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि शहरी क्षेत्रों की 63.64 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 64.47 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया। इसी तरह शहरी क्षेत्र में पुरुष मतदाता आगे रहे। शहरी क्षेत्र के पुरुष मतदाताओं ने 67.67 प्रतिशत जबकि ग्रामीण क्षेत्र के पुरुषों ने 65.22 प्रतिशत मतदान किया। शहरी क्षेत्र के 56.33 प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाताओं ने जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 40 प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाताओं ने वोट डाले। गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के 64.86% मतदाताओं ने वोट डाले। जबकि शहरी क्षेत्र के 65.69 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। जालौर में सर्वाधिक 73.55% शहरी मतदाताओं ने मतदान किया। बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र से सर्वाधिक 76.58 ग्रामीण मतदाताओं ने मतदान किया। बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र से 74.58 ग्रामीण मतदाता होने मतदान किया।

#### सबसे ज्यादा और कम यहां डाले वोट

प्रथम चरण में शहरी क्षेत्र में सर्वाधिक 65.57 प्रतिशत मतदान गंगानगर और सबसे कम 52.18 प्रतिशत मतदान भरतपुर लोकसभा क्षेत्र में रहा था। ग्रामीण क्षेत्र में सर्वाधिक 66.95 प्रतिशत मतदान गंगानगर और सबसे कम 48.85 प्रतिशत मतदान करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र में रहा था।



#### लोस क्षेत्रवार ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत

**प्रथम चरण**

- **गंगानगर:** 66.95 (65.57)
- **बीकानेर:** 51.55 (60.05)
- **चूरू:** 64.27 (61.48)
- **झुंझुनूं:** 52.04 (56.15)
- **सीकर:** 56.34 (62.53)
- **जयपुर ग्रामीण:** 55.79 (59.51)
- **जयपुर:** 60.18 (63.65)
- **अलवर:** 60.12 (59.94)
- **भरतपुर:** 52.95 (52.18)
- **करौली-धौलपुर:** 48.85 (53.13)
- **दौसा:** 55.22 (58.84)
- **नागौर:** 56.06 (62.10)

**द्वितीय चरण**

- **टोंक-सवाई माधोपुर:** 55.70 (59.80)
- **अजमेर:** 58.02 (62.86)
- **पाली:** 56.10(62.50)
- **जोधपुर:** 63.45 (65.67 )
- **बाड़मेर:** 76.58 (68.66)
- **जालोर:** 61.72 (73.56 )
- **उदयपुर:** 67.04 (64.94 )
- **बांसवाड़ा:** 74.58 (65.61 )
- **चित्तौड़गढ़:** 69.27 (64.79)
- **राजसमंद:** 57.96 (62.66)
- **भीलवाड़ा:** 59.66 (63.30)
- कोटा: 71.91 (70.60)
- झालावाड़-बारां: 69.88(68.81 )

## जरूरी खबर

### श्री हरि कथा के पोस्टर का किया विमोचन



**जयपुर।** सांगानेर क्षेत्र के रामनगर कॉलोनी में सामुदायिक केंद्र के सामने श्री हरिहर मंदिर गुरुद्वारा, मालपुरा गेट के पास दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के द्वारा व क्षेत्र वासियों के सहयोग से 29 अप्रैल से 3 मई तक श्री हरि कथा का आयोजन होगा। कथा में श्री हरि के विभिन्न प्रसंगो के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। कथा का समय शाम 4:30 बजे से 6:30 बजे तक रहेगा। रविवार को पांच दिवसीय श्री हरि कथा के पोस्टर विमोचन श्री हरिहर मंदिर के प्रांगण में किया गया। पोस्टर विमोचन के दौरान लक्ष्मीनारायण कनिष्ठ लिपिक SDM ऑफिस, प्रेमचंद जाजोरिया अध्यक्ष रैगर धर्मशाला, दीपक कुमार नागर संघ कार्यकर्ता, दामोदर नोगिया उप सचिव अखिल भारतीय रैगर महासभा, बाबू लाल नागर अध्यक्ष रैगर पंचायत और पंडित संजय हरिहर मंदिर (गुरुद्वारा) आदि मौजूद रहे।

### स्ट्रीट डॉग्स की केयर के लिए ट्रेनिंग कैंप



**जयपुर।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर ह्यूमन सोसाइटी इंटरनेशनल,इंडिया ने पशु चिकित्सकों, पशु कल्याण संगठनों और संबंधित सरकारी एजेंसियों को स्ट्रीट डॉग्स की केयर में सुधार के लिए आवश्यक कौशल देने के लिए एक अभिनव स्ट्रीट डॉग स्पे और न्यूटर ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य सड़क के कुत्तों की देखभाल और प्रबंधन में आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करना है, ताकि स्पे और न्यूटर के नियमों एवं तकनीकी में सुधार किया जा सके और उन्हें भारतीय पशु कल्याण बोर्ड, 2023 के पशु जन्म नियंत्रण नियमों के साथ जोड़ा जा सके।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**12वीं कक्षा की छात्रा ने सांभर में लगवाई 11 लाख की मशीन**

# हवा में से पानी निकालेगी मशीन, चलेगी भी सूरज की रोशनी से

**बेधड़क | जयपुर**

सांभर के लोगों को खारे पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए एक 12वीं की छात्रा ने अनूठा इनोवेशन किया है। इसके लिए उसने यहां एक ऐसी मशीन लगाई है जो हवा में मौजूद पानी को लिक्विड रूप में निकाल लेगी। खास बात यह है कि यह मशीन सौर ऊर्जा से चलेगी। एक दिन में 165 लीटर पीने योग्य शुद्ध पानी तैयार करेगी। इस मशीन को लगाने में करीब 11 लाख रुपए की लागत आई है, जिसमें से पांच लाख रुपए तो प्रांजल शर्मा (16) ने अपनी सेविंग में से दिए हैं।



जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा प्रांजल ने बताया- करीब 2 साल पहले सांभर में दूषित पानी से हजारों पक्षियों की मौत हुई थी। रोजाना हजारों पक्षियों की मौत की खबरें देखी तो मैंने मौके पर जाकर हकीकत जानने की कोशिश की। यहां पहुंचने पर मुझे पता चला कि इन पक्षियों की मौत का कारण दूषित पानी है। सांभर में दूषित पानी के कारण पक्षियों की ही नहीं कई छोटे बच्चों की भी मौत हो चुकी है। बड़ी संख्या में लोग बहरापन-अंधापन जैसी गंभीर बीमारियों के शिकार हो चुके हैं। पेयजल को लेकर मैंने लोगों से पूछा तो पता चला कि यहां सरकार की पेयजल योजनाओं से काफी कम मात्रा में पानी सप्लाई हो पाता है। पेयजल समस्या के समाधान के लिए सरकार काफी प्रयास कर चुकी है, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया। आरओ (RO) में भी बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ जाता है। टैंकरों से पानी मंगवाना महंगा पड़ता है। ऐसे में दूषित जल पीने को मजबूर हैं।




### रिसर्च में मिली कंपनी की जानकारी

प्रांजल शर्मा ने बताया- हकीकत जानने के बाद मैंने सांभर में पेयजल समस्या का स्थायी समाधान ढूंढने के लिए रिसर्च शुरू की। कुछ महीनों बाद मुझे पता चला कि चेन्नई में एक ऐसी कंपनी है, जो हवा से पानी बनाने की मशीन तैयार करती है। इसके बाद मैंने कंपनी के प्रतिनिधियों से बात की तो उन्होंने सांभर की मौजूदा स्थिति को देखते हुए सोलर वॉटर जनरेटर बनाने का फैसला किया। 2 साल की मेहनत के बाद सांभर के ग्राम चेतना केंद्र, खेड़ी मिलक में सोलर एटमॉस्फेरिक वॉटर जनरेटर लग पाया है। यह मशीन हर दिन 165 लीटर पीने का शुद्ध पानी तैयार करेगी।

### पांच स्टेप में फिल्टर होगा पानी

इस मशीन से पांच स्टेप में पानी फिल्टर होगा। ये स्टेप हैं- कचरा हटाना, प्री कार्बन, पोस्ट कार्बन, खनिज गुणवत्ता सुधार और यूवी फिल्टर। अगर हवा में आर्द्रता ज्यादा होगी, तभी इस मशीन से पानी निकल सकेगा। अगर हवा में आर्द्रता 20 फीसदी से कम है तो ये मशीन पानी नहीं निकालेगी।

**आईडी हैक करने वाला आरोपी सौरभ साहू गिरफ्तार**

# उसकी ई-मेल से ब्लैक मेलिंग और क्राइम ब्रांच को खबर नहीं

**बेधड़क | जयपुर**

साइबर क्राइम पुलिस ने ऐसे व्यक्ति को पकड़ा है, जो स्पेशल क्राइम ब्रांच की ईमेल आईडी हैक कर उससे लोगों को ब्लैक मेल कर रहा था। मजे की बात यह रही कि ब्रांच को इसकी खबर ही नहीं थी। एक पीड़ित के शिकायत लेकर पहुंचने के बाद इस सारे प्रकरण से पर्दा उठा।

6 मार्च को जयपुर का रहने वाला शोएब शरीफ खान राजस्थान पुलिस के साइबर क्राइम ऑफिस में पहुंचा। शोएब ने बताया कि उसका आईसीआईसीआई बैंक में अकाउंट है। इस अकाउंट को राजस्थान पुलिस के स्पेशल क्राइम ब्रांच के IT सेक्शन की आईडी computercell.crime-branch@rajpolice.gov.in से बैंक में मेल भेजकर फ्रीज करवाया गया है।

शोएब ने अकाउंट फ्रीज करने की वजह जाननी चाही। शोएब की शिकायत पर पुलिस ने पड़ताल की तो सामने आया कि स्पेशल क्राइम ब्रांच के IT सेक्शन की इस मेल आईडी से कई सारे मेल, स्पेम मेल, जंक मेल डिलीट किए गए थे। वहीं, ये भी पता चला कि इस मेल आईडी से बिना आधिकारिक निर्देशों के कई बैंकों को ईमेल कर कई खाताधारकों के मोबाइल नंबर, बैंक खातों के लेनदेन विवरण से संबंधित डिटेल व उनके आईपी लॉग की जानकारी प्राप्त की गई है। इसके अलावा ये भी पता चला कि इस ईमेल आईडी से कई बैंक खातों को फ्रीज और अनफ्रीज करने, बैंकों में कार्यरत स्टाफ के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए भी विभिन्न बैंकों को ई मेल भेजे गए हैं।



### ऐसे पकड़ा शातिर

पड़ताल में पता चला कि सौरभ साहू अपने किसी पुराने दोस्त से मिलने दिल्ली के महिपालपुर इलाके में आ रहा है। 18 अप्रैल को महिपालपुर इलाके में पुलिस ने सौरभ को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। आरोपी सौरभ वहां आया और पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन पकड़ा गया।

### सिंगापुर का VPN सर्वर हो रहा था इस्तेमाल

इन्वेस्टिगेशन में सामने आया कि इस मेल आईडी को चलाने के लिए सिंगापुर का वीपीएन सर्वर उपयोग में लिया जा रहा था। पड़ताल में ये भी पता चला कि लोगों की गोपनीय जानकारी हासिल करने के लिए पुलिस अधिकारियों की फर्जी सील और हस्ताक्षर कर अवैध नोटिस भी बनाकर ईमेल किए गए थे। इनमें सालासर पुलिस स्टेशन और सांचौर पुलिस स्टेशन की एफआईआर का उल्लेख भी किया गया था। केस की इन्वेस्टीगेशन में उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद के रहने वाले शख्स सौरभ साहू का नाम सामने आया। राजस्थान पुलिस ने सौरभ साहू की तलाश में कई छापे मारे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। आखिर में उसकी गिरफ्तारी पर राजस्थान पुलिस ने 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया।

### ब्लैकमेल करने के लिए करता था रिकॉर्ड

आरोपी सौरभ साहू टास्क लेकर काम करता था। प्राइवेट जासूसी एजेंसियों के लिए भी सीडीआर निकालने का उसने यही तरीका ढूंढ रखा था। पैसों की खातिर कई लोगों के लिए उनके मंगेतर की शादी से पहले डिटेल चेक करवाने के लिए कॉल डिटेल्ड रिपोर्ट निकलवाता था। कई बार उसने ये काम लोगों को ब्लैकमेल करने और उनसे मोटी उगाही करने के लिए भी किया था।

### ऐसे देता था ठगी को अंजाम?

पुलिस को किसी अपराध की जांच में जरूरत पड़ने पर किसी व्यक्ति की CDR और उसकी बैंक डिटेल की जानकारी हासिल करने की पावर है। इसके लिए पुलिस ऑफिशियल मेल आईडी से कंपनियों को ईमेल भेजती है। मेल में पुलिस का ऑफिशियल लेटर पेड और सील भी इस्तेमाल होती है। इसके बाद चाही गई जानकारी मेल पर ही रिप्लाई के साथ भेजी जाती है। इसी वजह से सौरभ साहू ने राजस्थान पुलिस की वेबसाइट हैक कर क्राइम ब्रांच की ऑथोराइज्ड मेल आईडी का एक्सेस हासिल किया।

**हज यात्रियों के लिए ट्रेनिंग कैंप**

# उमरा करने और ऐहराम बांधने का तरीका समझाया



**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान हज ट्रेनर्स वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से पांच दिवसीय हज ट्रेनिंग कैंप की शुरुआत रविवार को रामगंज क्षेत्र के निलगरान की मस्जिद अज़िज़ुल्लाह से हुई। यहां सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक ट्रेनिंग कैंप लगाया गया।

हज कमेटी के सीनियर सदस्य कैंप संयोजक हाजी शाहिद मौहम्मद ने बताया कि इस कैंप में हाजी हसीन उद्दीन ने उमरा करने का तरीका बताया और हाजी कमर ने ऐहराम बांधने का तरीका ओर उसकी पाबंदियों के बारे मे बताया। हाजी शाहिद मोहम्मद के द्वारा सफरे हज की तैयारी जरूरी सामान और जयपुर एयरपोर्ट से सऊदी एयरपोर्ट पर की जाने वाली कार्यवाही और सफर से संबंधित हर तरह की जानकारी से अवगत कराया गया। इस दौरान हज यात्रियों को हज के पांच दिनो के बारे मे और सफर अपने वतन वापसी के बारे मे तफसील से समझाया। सफर मे एक हज यात्री को कितना वजन ले जाना है और क्या नहीं ले जाने वाला समान के बारे मे बताया गया। हज यात्रियों की ओर से पूरे सफर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे मे बताया गया।

सफर मे काम आने वाली खास दुआओं को हाजी अब्दुल अज़ीज़ ओर हाजी हिदायत खां ने याद कराई। बता दे कि सोमवार से 2 मई तक यह कैंप सुबह 9 बजे से 11बजे तक लगाया जाएगा।

**जेएसकेसी-2024 में जुटे देशभर के एक्सपर्ट्स**

# नई इंप्लांट तकनीक की दी जानकारी

**बेधड़क | जयपुर**

कंधे की सबसे आम चोट 'रोटेटर कफ टियर' से देश के करीब 22 प्रतिशत लोग जूझ रहे हैं। गलत तरीके से भार उठाने या गलत मूवमेंट से लगने वाली इस चोट की सर्जरी में नई तकनीक आ गई है। इसके दोबारा होने की संभावना दो प्रतिशत तक रह गई है।\

नए इंप्लांट रीजेनिटन से न केवल कंधे की रोटेटर कफ टियर चोट दोबारा नहीं लगती है, बल्कि यह जल्दी रिकवरी में भी मदद करता है। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस जयपुर शोल्डर नी कोर्स (जेएसकेसी-2024) में एक्सपर्ट्स ने ऐसी ही नई तकनीकों के बारे में जानकारी दी। कॉन्फ्रेंस के कोर्स डायरेक्टर डॉ. राजीव गुप्ता और डॉ. बीआर बगड़िया ने बताया- इस कॉन्फ्रेंस में कोयंबटूर, बेंगलुरु, दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, चंडीगढ़ सहित अन्य शहरों से 50 से ज्यादा स्पीकर्स और 250 से ज्यादा डेलीगेट्स भाग ले रहे हैं। विभिन्न सत्रों में इंडियन स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर के डायरेक्टर डॉ. दीपक जोशी, डॉ कार्तिक सुखला, डॉ विनोद कुमार राम, एम्स दिल्ली के प्रोफेसर डॉ विजय कुमार ने अपनी रिसर्च सामने रखी।



डॉ. राजीव गुप्ता ने बताया कि बायो टेक्नोलॉजी से बने नए तरह का इंप्लांट रोटेटर कफ टियर की सर्जरी के दौरान सिर्फ पांच मिनट में लग सकता है। यह रोल होकर दूरबीन की सहायता से प्रभावित जगह पहुंचाया जाता है और कंधे की मांसपेशी के लगा दिया जाता ही। इस तकनीक से होने वाले 98 प्रतिशत ऑपरेशन में दोबारा चोट नहीं लगती।

### 'लहरिया 2024' में प्रस्तुति से जमाया रंग




**जयपुर।** इंटरनेशनल डांस डे की पूर्व संध्या पर पिंक सिटी प्रेस क्लब के ऑडिटोरियम में नृत्य महोत्सव 'लहरिया 2024' नृत्य की अलग-अलग विधाओं के 100 से अधिक कलाकार एक मंच पर जुटे। जयपुर संगीत महाविद्यालय और सबरंग संस्था के इस साझे कार्यक्रम में कथक घूमर कालबेलिया जैसे फोक डांस और हिंदी फिल्मी गानों के साथ ही वेस्टर्न डांस की ग्रुप और सोलो परफॉर्मेंस हुई।

**एक ही पत्थर में बनाई विश्व की सबसे बड़ी मां कालीदेवी की मूर्ति**

# 500 साल पुराने मंदिर में लगेगी जयपुर में बनाई मूर्ति

**बेधड़क | जयपुर**

परकोटे से खजाने वालों के रास्ते निवासी मूर्तिकार मुकेश भारद्वाज ने एक ही शिला (पत्थर) पर साढ़े 18 फीट की मां काली देवी को मूर्ति बनाई है। मां काली देवी की यह मूर्ति केरल के त्रिवेंद्रम के वैंगानूर में पौर्णिमिका मंदिर में बाल त्रिपुर सुंदरी के स्वरूप में स्थापित होगी।

मूर्ति का रविवार को जूनागढ़ से आए जगतगुरु सूर्याचार्य कृष्ण देवानंद गिरी महाराज ने वैदिक मंत्रों से पूजन अर्चन कर मूर्ति को रवाना करवाया। उनके साथ आमेर की शिला माता के पुजारी पंडित बनवारी लाल शर्मा सहित पांच विद्वानों ने मंत्रोचार कर मूर्ति का पूजन कार्य किया।



### करीब तीन साल लगे मूर्ति के बनने में

मूर्तिकार मुकेश भारद्वाज ने बताया कि उनके दादा रामस्वरूप भारद्वाज से प्रेरणा लेकर वे मूर्ति बनाने का काम कर रहे है। उनके बाद पिता किंग कॉन्ग ने इस कला को आगे बढ़ाया। इस मूर्ति को बनाने में करीब तीन साल लगे है। इसे बनाने में राजस्थान के ही भैंसलाना के पत्थर का प्रयोग किया गया है। मां काली देवी के साथ ही 15 अन्य मूर्ति भी बनाई गई है।

### महीने में एक बार ही खुलता है मंदिर

केरल से मूर्ति लेने आए पूर्णिमिका मंदिर के ट्रस्टी भुवन चंद्र ने बताया कि मां आदि देवी का यह मंदिर करीब 500 साल पुराना है। इसमें मां बाल त्रिपुर सुन्दरी के स्वरूप में भक्तों की मनोकामना को पूरा करती है। यह मंदिर महीने में एक बार ही पूर्णिमा के दिन खुलता है। कई साल पहले आतताइयो माता की मूर्ति को खंडित कर दिया। अब ट्रस्ट ने जयपुर में माता की साढ़े 18 फीट की विशाल मूर्ति को बनवाया है। यह मूर्ति केरल में करीब 16 दिन बाद पहुंचेगी, जहां शुभ मुहूर्त में विधि विधान से माता जी की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

# ड्रीम अचीवर्स मेंबर्स ने सीखा केक बनाना



**जयपुर।** पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (पीआईएचएम) की ओर से ड्रीम अचीवर्स क्लब की सदस्यों के लिए बेकरी वर्कशॉप आयोजित की गई। इसमें इंस्टीट्यूट के शेफ गजराज सिंह और शेफ अयाज बेग ने सदस्यों को बेसिक बेकरी उत्पादों का डेमोंस्ट्रेशन दिया। उन्होंने पाव, पिज्जा बेस, काजू कुकीज, मफिन, ब्राउनी और केक बनाना सिखाया और केक को डेकोरेट करने के बारे में भी बताया। ये सभी एगलेस उत्पाद थे।

क्लब की फाउंडर प्रीति गोयल व प्रेसिडेंट मीनाक्षी जैन सहित क्लब की करीब 25 महिलाओं ने इस वर्कशॉप का लाभ उठाया। अंत में पीआईएचएम के निदेशक सुनील भार्गव द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

## जरूरी खबर

### बस स्टैंड पर युवक का शव मिलने से फैली सनसनी



**कानोता।** मुख्य बस स्टैंड के पास रविवार को एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की ओर से सूचना मिलने पर बस्सी एसीपी मुकेश चौधरी व कानोता थाना प्रभारी गौतम डोटासरा जाप्ते सहित मौके पर पहुंचे। वहीं एफएसएल टीम ने घटना स्थल से जुटाए। प्रथम दृष्टया ठोड़ी पर लगी चोट से अधिक खून बहने से युवक की मौत होना बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना कानोता थाने से करीब 300 मीटर दूर की है। पुलिस मामले की जांट में जुटी है।

### BJP से निष्कासित हुए उस्मान गनी को जेल भेजा

**बीकानेर।** दो दिन पहले अनुशासन भंग के आरोप में भारतीय जनता पार्टी से निष्कासित बीकानेर शहर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष उस्मान गनी को रविवार को गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी करने के आरोप में गिरफ्तार करने के बाद रविवार को एडीएम सिटी के घर पेश किया गया, जहां जमानत नहीं होने के चलते उन्हें जेल भेज दिया गया। मुक्ताप्रसाद थानाधिकारी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान उस्मान गनी ने पुलिस थाने के सामने पुलिसकर्मियों से उलझते हुए बदसलूकी की। इसके बाद मुक्ताप्रसाद पुलिस ने गनी को शांति भंग के तहत गिरफ्तार कर लिया।

### महिलाओं को दी सुरक्षा कानूनों की जानकारी



**चाकसू।** महिला अधिकारिता विभाग द्वारा शिवदासपुरा ग्राम पंचायत मे जाजम बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सुपरवाइजर नीतू शर्मा ने महिलाओं व साथिनों की जाजम बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें महिला अधिकारिता विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी डॉ. मोहन लाल यादव, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. राजेश डोगीवाल, जेंडर स्पेशलिस्ट प्रवीण कुमार सिन्हा एवं शिवदासपुरा थाना इंचार्ज रणजीत सिंह ने महिलाओं को सुरक्षा कानूनों के बारे में बताया। महिलाओं के स्वावलंबन एवं सुरक्षा को लेकर विभागीय कानून एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। बैठक में स्थानीय सरपंच, जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

---

**जोधपुर के भीतरी शहर में रातभर रही धूम... 200 महिलाओं ने धरे अलग-अलग रूप, कुंवारों ने बेंत से खाई मार**

# धींगा गवर के मेले में कोई बनीं शिव-पार्वती तो कोई काली मां

**बेधड़क** | जोधपुर



सूर्यनगरी के भीतरी शहर में में शनिवार रात को अलग ही रंगत देखने को मिली। यहां सड़कों पर अलग-अलग स्वांग में सजी महिलाएं निकलीं तो हरकोई देखते ही रह गया।

दरअसल यहां धींगा गवर मेले के अंतिम दिन रात को महिलाएं अलग-अलग स्वांग और वेष धरकर निकलीं। कोई शिव-पार्वती बनी तो कोई काली मां, जबकि एक महिला फिल्मी किरदार के लुक में नजर आई। पूरी रात शहर में महिलाओं का सड़कों पर राज रहा। इस मेले में तय किया गया था कि बाहर से आने वाली महिलाओं को बेंत का इस्तेमाल नहीं करने दिया जाएगा। इसको लेकर महिला ग्रुप के बीच तनातनी भी हुई। इसके अलावा मनचलों को रोकने के लिए स्थानीय युवाओं ने कमान संभाल रखी थी। मेले में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, विधायक अतुल भंसाली और पूर्व महाराजा गज सिंह भी शामिल हुए और गवर माता का आशीर्वाद लिया ।इस दौरान रातभर करीब 200 महिलाएं अलग-अलग स्वांग बनाकर सड़कों पर उतरीं, जिनको देखने जबरदस्त भीड़ उमड़ी नजर आई। यह सिलसिला अलसुबह तक चलता रहा और रविवार को मेला संपन्न हो गया।

प्रचीन काल से चले आ रहे, इस मेले की खासियत यह है कि भाभी अपने देवर और अन्य कुंवारे युवकों को छड़ी से मारती है। मान्यता है कि इसके बाद उनकी शादी जल्द हो जाती है।

#### गवर माता को धारण कराए करोड़ों के आभूषण

आयोजन से जुड़े कृपाराम सोनी ने बताया कि भीतरी शहर की गलियों में कई जगह पर गवर माता बैठाई गईं, जिनको मोहल्लेवासियों ने हीरे-जवाहरात और सोने के आभूषणों से सजाया। सबसे ज्यादा सोना सुनारों की घाटी में गवर माता को पहनाया गया, जिसे देखने पूरा शहर उमड़ पड़ा। इसी तरह से करीब 20 जगह पर गवर विराजित हुईं। केंद्रीय मंत्री ने भी कई जगह पर जाकर दर्शन किए। जगह-जगह पर गवर माता को करोड़ों के आभूषण से सजाया गया। पूरे मेले में सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। आयोजकों ने अपनी तरफ से भी सुरक्षा व्यवस्था की हुई थी।

#### सजने-संवरने में लगता है पूरा दिन

मेले में स्वांग वही महिलाएं धरती हैं, जो 16 दिन व्रत करती हैं। इन्हें तीजणिया कहते हैं। स्वांग के लिए उनको पूरे दिन तैयारी करनी होती है। इस बीच चार बार गवर माता की कथा भी होती है। इसके बाद घंटों मेकअप के लिए बैठना पड़ता है। मेकअप के लिए सबसे फेमस जगह जालोरी गेट का स्टूडियो है। हरिओम सेन का परिवार चार पीढ़ियों से यह काम कर रहा है। इसके अलावा इस बार कई मेकअप आर्टिस्ट बाहर से बुलाए गए। एक रूप बनाने के लिए खर्च भी बड़ा होता है। धार्मिक, पौराणिक और फिल्मी पात्रों के गेटअप पाने में मेकअप पर ही घंटों लग जाते हैं।

---

**दस लाख रुपए की मांग, सवा लाख के मुआवजे पर बनी सहमति**

# क्रेन ने महिला को कुचला... मौत के बाद मुआवजे को लेकर प्रदर्शन

**बेधड़क** | डूंगरपुर



जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र में क्रेन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत के 5 घंटे बाद सड़क से शव उठ पाया। महिला के परिजन 10 लाख रुपए मुआवजे की मांग कर रहे थे। मुआवजे पर सहमति बनने के बाद परिजनों ने सड़क से महिला का शव उठाया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार पाडली गुजरेश्वर के रहने वाले लालशंकर (22) अपनी पत्नी हेमलता (21) के साथ बाइक पर विजवामाता मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे थे। उनके साथ उनकी 4 साल की भतीजी भी थी। वहीं, परिवार के और लोग अन्य बाइक पर सवार थे। इस बीच डूंगरपुर-आसपुर मार्ग पर लीलवासा बस स्टैंड के पास लाल शंकर बाइक रोककर फोन पर बात करने लग गया। इस दौरान पीछे से आ रही एक क्रेन ने फोन पर बात कर रहे लालशंकर की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक पर बैठी हेमलता रोड की तरफ नीचे गिर गई। इसके चलते सिर पर क्रेन का टायर चढ़ गया। क्रेन का टायर चढ़ने पर हेमलता की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठी 4 साल की भतीजी का पैर फ्रेक्चर हो गया और लालशंकर को मामूली चोट आई। हादसे के बाद चालक क्रेन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

#### पांच घंटे बाद सहमति बनी

करीब 5 घंटे बाद सवा लाख रुपए मुआवजा राशि पर सहमति बनी। इसके बाद सड़क से शव को उठाने के लिए परिजन राजी हुए। पुलिस ने शव को उठवाकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, लेकिन इस पूरे मामले में पुलिस लाचार नजर आई और मृत शरीर सम्मान कानून की धज्जियां उड़तीं रहीं। पहले भी इस तरह के कई मामले हुए है, लेकिन इस तरह के मामलो में पुलिस भी कानून व्यवस्था न बिगड़े, उस स्थिति में मध्यस्थता की भूमिका में ही नजर आती है।

#### ये है मृत शरीर सम्मान विधेयक-2023

यह कानून मृतक के शरीर की गरिमा सुनिश्चित करता है। इसके तहत जो कोई भी सड़क पर, पुलिस स्टेशनों के बाहर या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर शव के साथ विरोध प्रदर्शन करता पाया गया, उसे जुर्माने के साथ छह महीने से लेकर पांच साल तक की जेल की सजा हो सकती है।

#### 10 लाख के मुआवजे की कर रहे थे मांग

घटना के तुरंत बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई और जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। हादसे की सूचना पर मृतका के ससुराल और मायके पक्ष के लोग भी मौके पर गए, जहां परिजन क्रेन मालिक को मौके पर बुलाने और मुआवजे की मांग पर अड़ गए। लोगों ने क्रेन मालिक के नहीं आने तक शव को उठाने से इनकार कर दिया है। महिला का शव सड़क किनारे ही पड़ा रहा। परिजन 10 लाख रुपए मुआवजे की मांग करते रहे।

---

**आत्महत्या का रूप देने का प्रयास**

# पत्नी से अवैध संबंध के शक में की बिजनेस पार्टनर की हत्या



**बेधड़क** | दौसा

जिले के मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र में पत्नी के साथ अवैध संबंधों के शक में अपने बिजनेस पार्टनर की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। मेहंदीपुर बालाजी थानाधिकारी गौरव प्रधान ने बताया कि आरोपी जितेश और बत्तुलाल मीना पिछले 6-7 सालों से साझेदारी में टेंट का व्यवसाय कर रहे थे।


कुछ दिन पहले मृतक बत्तुलाल किसी लेनदेन के चलते जितेश के घर गया था, जहां उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। बगैर बताए घर आने को लेकर जितेश और बत्तुलाल के बीच विवाद भी हुआ था। इसी रंजिश और पैसों के लेनदेन को लेकर आरोपी ने हत्या का षड्यंत्र रचा और बत्तुलाल को घटनास्थल पर बुलाकर अपने साथियों के साथ मिलकर उसे गोली मार दी। इसके बाद हत्या को आत्महत्या का रंग देने के लिए आरोपियों ने मृतक की जेब में एक जिंदा कारतूस डालकर उसके पास अवैध कट्टा पटक दिया और उसके मोबाइल से जितेश को फोन करके बत्तुलाल पर हमला होने की बात कहते हुए फोन काट दिया। इसके बाद आरोपी जितेश अपने साथ काम कर रहे कुछ मजदूरों को लेकर घटनास्थल पहुंचा और पुलिस एवं मृतक के परिजनों को सूचना दी। दौसा पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा के निर्देशन गठित टीम ने साइबर सेल, डीएसटी टीम के साथ मिलकर मुखबीरों के साथ संपर्क कर आरोपियों को चिह्नित किया और हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाकर 24 घंटे में वारदात का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी जितेश मीना के साथ रामनाथ उर्फ पायलेट मीना, विकास कुमार मीना और अशोक मीना को गिरफ्तार किया है।

---

**तीन पुलिसकर्मी जखमी, पुलिस वाहन के शीशे टूटे**

# साइबर ठगों को पकड़ने गई पुलिस पर किया पथराव, आरोपी फरार

**बेधड़क** | भरतपुर



डीग के पहाड़ी थाना इलाके के चनियाकला गांव में साइबर ठगों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर कुछ ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। घटना में पुलिस की एक गाड़ी के शीशे टूट गए और 3 पुलिसकर्मी घायल हो गए।

पुलिस ने मौके से 3 लोगों को राउंडअप भी किया है। पुलिस ने एक ठग को हिरासत में ले लिया था, लेकिन ग्रामीणों ने पथराव कर ठग को भी पुलिस के कब्जे से छुड़ा लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि साइबर ठग काढ़ा, इदरीश और इत्तर अपने घर आए हुए हैं। सूचना पर तीन गाड़ियों में पुलिसकर्मी गांव में पहुंचे और काढ़ा नाम के साइबर ठग को पकड़ लिया। इसके बाद जैसे ही पुलिस वहां से निकलने लगी, तभी ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ियों पर पथराव कर दिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने बामुश्किल अपनी जान बचाई। इस दौरान हमलावर पुलिस की एक बोलेरो गाड़ी की चाबी भी निकलकर ले गए।

घटना की सूचना जैसे ही पहाड़ी थाना सीओ गिर्राज मीणा को मिली तो वे पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को वहां से खदेड़ा। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को राउंडअप किया है। वहीं तीनों साइबर ठग मौके से भागने में कामयाब रहे।

---

**समाज का विवाह सम्मेलन 16 मई को जयपुर के विद्याधर नगर में होगा**

# अनूठी पहल: कन्याओं की निशुल्क होगी शादी

**बेधड़क** | चाकसू

वैष्णव विकास समिति की ओर से वैष्णव, स्वामी, बैरागी समाज का विवाह सम्मेलन 16 मई को राजस्थान ब्राह्मण महासभा भवन सेक्टर-4 मंदिर मोड़ विद्याधर नगर में आयोजित होगा। इसमें हवा महल विधायक बालमुकुंदाचार्य एवं स्वामी लक्ष्मी नारायण दास वैष्णव मुख्य अतिथि रहेंगे।

सामाजिक कार्यकर्ता महावीर स्वामी ने बताया कि समाज ने अनूठी पहल की हैं। इसके तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर-वधु पक्ष से किसी भी तरह का रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं लिया जाएगा। सम्मेलन में कन्याओं का निशुल्क विवाह कराया जाएगा। समाज की ओर से सम्मेलन की तैयारी जोरों पर चल रही है। सम्मेलन अध्यक्ष अशोक स्वामी एवं सोडाला वैष्णव विकास समिति अध्यक्ष आरके वैष्णव ने बताया कि सम्मेलन के जोड़ों के पंजीयन 30 अप्रैल तक किया जाएगा एवं 8 मई को गणेश निमंत्रण होगा।

#### राजपूत समाज की बैठक में लिया मृत्युभोज प्रथा बंद करने का निर्णय



गांव हिंगोनिया में आयोजित राजपूत समाज की बैठक में समाज में व्याप्त मृत्यु भोज को बंद करने का निर्णय लिया गया। एडवोकेट अर्जुन सिंह व हिम्मत सिंह ने बताया कि समाज के लोग ऐसी कुरीतियों को निभाने के लिए कर्ज में डूबे जाते हैं। समाज में मृत्यु भोज के साथ अन्य कुरीतियों को भी बंद करने के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। इससे समाज में समरसता के भाव जाग्रत होगा। इस दौरान गणेश सिंह हनुतिया, विजय सिंह, लाल सिंह, शंकर सिंह, हरदयाल सिंह, रामवीर सिंह, भगवान सिंह, ओम सिंह, मूल सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित अनेक राजपूत समाजबंधु मौजूद रहे। मृत्यु भोज बंद करने के निर्णय की श्रीराजपूत सभा अध्यक्ष रामसिंह चंदलाई व तहसील चाकसू अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह ने सराहना की।

---

**चुरू जिले में बीदासर पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

# युवक का अपहरण करने पहुंचे 6 बदमाश गिरफ्तार

**बेधड़क** | चूरू



जिले में बीदासर कस्बे में सोने की तस्करी में लिप्त एक युवक के अपहरण के इरादे से घूम रहे छह बदमाशों को थाना पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक फॉर्च्यूनर कार भी जब्त की है। गिरफ्तार आरोपी अपराधिक पृष्ठभूमि के हैं, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।

एसपी जय यादव ने बताया कि शनिवार को गश्त के दौरान एसएचओ कैलाश चन्द यादव को सूचना मिली कि दो फॉर्च्यूनर, दो कैंपर और एक ब्लैक स्कॉर्पियो गाड़ी में बाहर के दिखने वाले 15-20 युवक बैठे हैं। उनकी गाड़ियां डूंगरपुर तिराहे से बस स्टैंड की तरफ दो-तीन राउंड काट चुकी हैं। मामले की गंभीरता को भांपते हुए अतिरिक्त जाब्ता मंगवा एसएचओ यादव मय टीम के तुरंत मौके पर पहुंचे। मौके पर एक फॉर्च्यूनर कार RSA0056 दिखाई दी। इसका पीछा करने पर कार चालक ने पुलिस जीप के टक्कर मारी। इससे फॉर्च्यूनर झटके से बंद हो गई। गाड़ी बंद होते ही उसमें बैठे युवक भागने लगे।

इस पर पुलिस ने पीछा कर 6 बदमाशों को पकड़ लिया। वहीं अन्य गाड़ियों की तलाश के लिए थाना छापर, सांडवा व सुजानगढ़ इलाके में नाकाबंदी करवा तलाश करवाई गई।

#### सोने की तस्करी में गबन का संदेह

आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि सभी युवक आपराधिक पृष्ठभूमि के हैं। बीदासर का एक युवक जो सोने की तस्करी में लिप्त है, उसके द्वारा तस्करी के सोने में में गबन किए जाने के संदेह के कारण ये बदमाश अपहरण करने के उद्देश्य से यहां आए थे। एसपी यादव ने बताया कि वांछित अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन शिकंजा' के तहत संगठित अपराध व गैंगवार की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस प्रकार की घटनाओं के होने से पूर्व उन पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर प्रोएक्टिव पुलिसिंग के तहत चुरू पुलिस कार्रवाई कर रही है।

#### ये बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

एसपी जय यादव ने बताया कि आरोपी विकास जाट (28) निवासी जुवाहरपुरा थाना रतन नगर जिला चूरू, धमेंद्र सिंह (28) निवासी खटिकान प्याऊ थाना लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर, विकास गुर्जर (24) निवासी बसावा थाना गोठड़ा जिला झूंझूंनूं, विकास जाट (28) निवासी ढ़ाणी खिरोड़ थाना गोठड़ा जिला झूंझूंनूं, मख्खन लाल गुर्जर (30) निवासी झाझड़ थाना नवलगढ़ जिला झूंझूंनूं एवं अंकित (30) निवासी थाना धोद जिला सीकर को गिरफ्तार किया गया है।

---

**लाठी-भाटा जंग में छह लोग घायल**

# दो भाइयों में खूनी संघर्ष

**धौलपुर।** सैंपऊ उपखण्ड के गोगली गांव में रविवार को खेत के विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के परिवारों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों तरफ से हुई लाठी-भाटा जंग में दोनों पक्ष के 6 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इनमें तीन घायलों को गंभीर चोटें बताई जा रही हैं।

थाना प्रभारी गंभीर सिंह ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर दो भाइयों के परिवारों में संघर्ष हो गया। पुलिस को रिपोर्ट प्राप्त हो गई है और दोनों पक्षों की ओर से मामला दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया जाएगा। मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार सैंपऊ थाना क्षेत्र के गांव गोगली में बिसोकी नट और गोकुल नट में खेत के बंटवारे का पुराना विवाद चला आ रहा है। घायल बिसोकी ने बताया उसका पिता और भाई गोकुल पैतृक संपत्ति से हिस्सा देना नहीं चाहते हैं। खेत के बंटवारे को लेकर समाज के पंच पटेलों के साथ पंचायत भी हुई थी। जमीनी बंटवारे को लेकर दोनों पक्षों में रविवार को मामूली विवाद हुआ था। विवाद के दौरान दोनों भाइयों के परिवारों के लोग लाठी-डंडों से लैस होकर आमने-सामने हो गए। दोनों तरफ से हुई लाठी-भाटा जंग में बिसोकी पुत्र मुंशी नट, राजवीर पुत्र मुंशी और पिंकी पत्नी बिसोकी घायल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष के गोकुल पुत्र मुंशी, मुंशी पुत्र राहुल एवं वीरेश पुत्र पप्पू घायल हुए हैं। दोनों पक्षों को परिजनों ने जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया है। तीन घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## पाथेय भवन में 'खेलों में डोपिंग' (समस्या में समाधान) विषय पर क्रीड़ा भारती की गोष्ठी आयोजित...

# जमीनी स्तर पर हों डोपिंग रोकने के प्रयास: राणा

बेधड़क | जयपुर

खेलों के माध्यम से चरित्र एवं चरित्र के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य के साथ समाज में खेल क्षेत्र में कार्य कर रहे सामाजिक संगठन क्रीड़ा भारती की राजस्थान इकाई ने महर्षि नारद सभागार, पाथेय भवन मालवीय नगर जयपुर में "खेलों में डोपिंग (समस्या में समाधान)" विषय पर प्रतिवर्ष की भांति गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के अखिल भारतीय सहमंत्री रामानंद चौधरी, स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय गांधीनगर गुजरात के कुलपति प्रोफेसर अर्जुन सिंह राणा, रॉयल ऑर्थोपिडिक एंड स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर के डॉ. आशीष मित्तल, डॉ. रविंद्र सिंह राजपुरोहित, क्रीड़ा भारती के क्षेत्रीय संयोजक मेघ सिंह चौहान, क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ जीएल शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाबूलाल आदि प्रमुख वक्ताओं ने खेलों में डोपिंग विषय पर अपने विचार रखे।




### निशुल्क अध्ययन की घोषणा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो.अर्जुन सिंह राणा ने कार्यक्रम का बीज भाषण रखते हुए घोषणा की कि क्रीड़ा भारती संगठन की ओर से स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों से से फीस नहीं ली जाएगी। साथ ही, डोपिंग रोके जाने के लिए उन्होंने जमीनी स्तर पर उच्च स्तरीय प्रयास करने का पर जोर दिया।




### खेल व दवाओं का समन्वय समाप्त हो

क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जीएल शर्मा ने कहा कि खेल व प्रतिबंधित दवाइयों के बीच समन्वय समाप्त होना चाहिए।

### डोपिंग का तकनीकी पक्ष बताया

अंतिम सत्र में रविंद्र सिंह राजपुरोहित ने डोपिंग के तकनीकी पक्ष पर अपने विचार विस्तृत रूप से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में अतिथियों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों की डोपिंग संबंधी सवालों एवं समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया।

### जीतना ही सब कुछ नहीं, बल्कि प्रतिभागिता ही जीत है

डॉ.आशीष मित्तल ने डोपिंग के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए जीत के दबाव को डोपिंग का मूल कारण बताया तथा इसके समाधान के लिए जीत ही सब कुछ है को "प्रतिभागिता भी जीत है" ऐसी धारणा जनमानस में बनाकर किया जा सकता है।



क्रीड़ा भारती के क्षेत्रीय संयोजक मेघ सिंह चौहान ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं तक डोपिंग ने अपने पांव पसार लिए हैं। NADA व WADA जैसी एजेंसियां लगातार काम कर रही हैं फिर भी चूक हो रही है, यह चूक नहीं हो तथा वास्तविक योग्यता ही जीत का आधार बने इसी को लेकर इस विषय पर गोष्ठी रखी गई है।

### झाझड़िया, सुरभि, फजल जैसे खिलाड़ी रहे मौजूद

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्क्वॉश खिलाड़ी सुरभि मिश्रा, पैरा ओलंपिक पदक विजेता जैवलिन थ्रोअर देवेंद्र झाझड़िया, कैरम खिलाड़ी फजल अहमद, अभिनव, राजस्थान ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष राम अवतार जाखड़, हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष तेजराज सिंह, योगा फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष कुलभूषण सहित राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनेक खिलाड़ी, पूर्व खिलाड़ी, कोच आदि उपलब्ध थे।

## Yuva स्टोरीज



### TT मिक्स डबल्स में शर्मा-दाधीच बने चैंपियन

**जयपुर।** टेबल टेनिस मिक्स डबल्स में जयपुर की एडवोकेट आशा शर्मा एवं रमापति दाधीच की जोड़ी चैंपियन बनी। राजस्थान उच्च न्यायालय की प्लेटिनम जुबली के उपलक्ष्य में शनिवार को राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर, 400 मीटर, मैराथन/चाल, साइकलिंग, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, लॉन टेनिस, कैरम, शतरंज एवं क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें टेबल टेनिस मिक्स डबल्स में जयपुर की एडवोकेट आशा शर्मा एवं रमापति दाधीच की जोड़ी प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन बनी। शतरंज में जयपुर के एडवोकेट दिलीप कुम्भज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश नंदनी व्यास ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।




### आरव ने जीता शतरंत का खिताब

**जयपुर।** जयपुर के आरव गुप्ता शनिवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम दिल्ली में संपन्न स्टेयर्स यूथ नेशनल गेम्स, दिल्ली (युवा मामले मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा संबद्ध) में शतरंज में 4 से कम आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आरव गुप्ता के माता पिता डॉ.ममता गुप्ता और डॉ. नीलकमल गुप्ता ने बताया कि आरव प्रतिदिन 2-3 घंटे शतरंज की प्रैक्टिस करता है|

## लोकसभा चुनाव: नवमतदाताओं में दिखा कम उत्साह...

# 18-19 वर्ष के 60 फीसदी वोटर्स ने किया मतदान

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा आम चुनाव-2024, 18-19 वर्ष आयु के करीब 60 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 77.93 फीसदी मतदान, 4 लोकसभा क्षेत्रों में वर्ष 2019 के मुकाबले मतदान प्रतिशत में वृद्धि, 5 विधानसभा क्षेत्रों में 90 प्रतिशत से अधिक मतदान, जिनमें 3 बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र से हैं। राजस्थान में इस चुनाव में 18-19 वर्ष आयु के कुल पंजीकृत 16,64,845 नव मतदाताओं में से कुल 9,91,505 ने मतदान किया है। इस आयु वर्ग के करीब 60 फीसदी मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सर्वाधिक 77.93 फीसदी मतदान बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र और सबसे कम 47.44 प्रतिशत मतदान करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र में हुआ है। 4 लोकसभा क्षेत्रों में 70 प्रतिशत के अधिक मतदान हुआ है। वहीं, 10 लोकसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां इस श्रेणी के औसत मतदान से अधिक मतदान हुआ है।

### लोकसभा क्षेत्रवार नवमतदाताओं का मतदान प्रतिशत



| | | | |
|---|---|---|---|
| बांसवाड़ा | 77.93 | सीकर | 55.15 |
| बाड़मेर | 74.59 | अलवर | 55.08 |
| कोटा | 73.39 | टोंक-सवाई माधोपुर | 54.97 |
| जोधपुर | 72.25 | नागौर | 54.8 |
| चित्तौड़गढ़ | 67.39 | बीकानेर | 54.18 |
| झालावाड़-बारां | 63.44 | राजसमंद | 54.11 |
| जयपुर | 62.43 | झुंझुनूं | 54 |
| श्रीगंगानगर | 62.01 | दौसा | 53.83 |
| जालोर | 61.63 | भीलवाड़ा | 53.27 |
| चूरू | 61.2 | जयपुर ग्रामीण | 51.66 |
| अजमेर | 58.35 | भरतपुर | 50.5 |
| पाली | 57.74 | करौली-धौलपुर | 47.44 |
| उदयपुर | 57.2 | | |

### बाड़मेर में वर्ष 2019 को मुकाबले 8.16% की वृद्धि

गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2019 के लोकसभा आम चुनाव के दौरान 18-19 वर्ष आयु के कुल पंजीकृत 13,82,834 नव मतदाताओं में से कुल 10,60,637 ने मतदान किया था। इस दौरान इस श्रेणी के करीब 76.70 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था। लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान 4 लोकसभा क्षेत्रों में वर्ष 2019 के मुकाबले अधिक मतदान दर्ज किया गया है। बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 में 66.43 फीसदी मतदान हुआ था, इस बार यह आंकड़ा 74.59 फीसदी हो गया है। वर्ष 2019 के मुकाबले इस वर्ष कोटा लोकसभा क्षेत्र में मतदान 67.95 प्रतिशत से बढ़कर 73.39 प्रतिशत, अलवर में 54.41 प्रतिशत से बढ़कर 55.08 और गंगानगर लोकसभा क्षेत्र में 61.48 प्रतिशत से बढ़कर 62.01 प्रतिशत हो गया है। बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 8.16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोटा लोकसभा क्षेत्र में 5.44 प्रतिशत मतदान बढ़ा है।

### 92 क्षेत्रों में औसत से अधिक वोटिंग

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश की 92 विधानसभा क्षेत्रों में 18-19 वर्ष आयु वर्ग के नव मतदाताओं के औसत मतदान से अधिक मतदान दर्ज किया गया है। साथ ही, 5 विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां 90 फीसदी से अधिक मतदान हुआ है। बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र में 99.37 प्रतिशत, बांसवाड़ा में 95.81 प्रतिशत और घाटोल विधानसभा क्षेत्र में 91.08 % मतदान हुआ है। जोधपुर के सूरसागर विधानसभा क्षेत्र में 97.62%और बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र के जैसलमेर विधानसभा क्षेत्र में 96.63% मतदान दर्ज किया गया है।

## गर्ल्स ने इंटरव्यू राउंड में दिए रोचक जवाब



बेधड़क | जयपुर

ब्यूटी पेजेंट मिस राजस्थान के इंटरव्यू राउंड में कई रोचक सवालों के जवाब प्रदेश भर की मॉडल्स ने दिए। 2 ग्रैंड ऑडिशन के बाद शॉट लिस्ट हुई 70 गर्ल्स में जयपुर के अलावा, जोधपुर, अजमेर, शाहपुरा, उदयपुर, भीलवाड़ा, पाली, चूरू, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, भरतपुर, अलवर, कोटा, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ आदि सिटी गांव और कस्बों से गर्ल्स जयपुर पहुंची। आयोजक योगेश व निमिषा मिश्रा ने बताया, टॉप 28 फाइनलिस्ट का ऑफिशियल अनाउंसमेंट किया जाएगा।

**अध्यात्म** | गीता कांटेस्ट जूनियर का परीक्षा का हुआ आयोजन

# 8वीं तक के बच्चों ने गीता से जुड़े तमाम सवालों के दिए जवाब

बेधड़क | जयपुर

जयपुर। बच्चों को भागवत गीता की शिक्षाओं का संदेश देने के लिए हरे कृष्ण मूवमेंट और कृष्ण भावनामृत सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में गीता कांटेस्ट जूनियर का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान के अलग अलग जिलों के स्कूलों के हजारों छात्रों ने भाग लिया। कांटेस्ट में कक्षा पांच से लेकर कक्षा आठ के बच्चों की भगवान कृष्ण की किताबों के आधार पर परीक्षा ली गई।

'बच्चे देश की संस्कृति से जुड़ें और जीवन में आगे बढ़ें के उद्देश्य से हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर के स्कूल ऑफ गीता की ओर से एक अनूठा प्रयास किया गया है। गीता कांटेस्ट जूनियर में बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। कांटेस्ट में कक्षा पांच से लेकर कक्षा आठ के बच्चों को भगवान कृष्ण और प्रभूपाद जी की किताबें पढ़ने को दी गई। जिन्हें पढ़कर उन्होंने परीक्षा दी।

ये किताबें जीवन में संतुलन रखने और आध्यात्मिकता से जोड़ने का संदेश देती हैं। हरे कृष्ण मूवमेंट के सिद्ध स्वरूप दास ने बताया कि गीता कांटेस्ट जूनियर का पंजीकरण गीता जयंती से शुरू हुआ था। इस कांटेस्ट के विजेता



बच्चों को पुरस्कार में साइकिल, स्मार्ट वॉच, एलसीडी राइटिंग पैड और 100 वीआर कार्ड बोर्ड दिए गए। प्रतिभागि बच्चों को इस आध्यात्मिक कांटेस्ट की तैयारी के लिए हर सोमवार और बुधवार को शाम 8 से 9 बजे यूट्यूब चैनल स्कूल ऑफ गीता लाइव पर करवाई गई।

### गीता कांटेस्ट सीनियर परीक्षा 12 को

हरे कृष्ण मूवमेंट के सिद्ध स्वरूप दास ने बताया कि जयपुर में गीता कांटेस्ट सीनियर की परीक्षा का आयोजन भी होना है। ये परीक्षा 12 मई को होगी, जिसमें 16 वर्ष से ज्यादा आयुवर्ग के अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा की तैयारी के लिए 3 मई से 5 मई तक कक्षाएं दोबारा आयोजित की जा रही हैं। इसमें विजेताओं को पहला पुरस्कार 11000, दूसरा पुरस्कार 5100, तीसरा पुरस्कार 2100 दिया जाएगा साथ ही 50 सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

# अदाकारी से हमेशा ज़िंदा रहेंगे इरफ़ान खान



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अपने एक पुराने इंटरव्यू में इरफ़ान ने कहा था,''उनके करियर में सबसे बड़ी चुनौती, उनका चेहरा था। शुरुआती दौर में उनका चेहरा लोगों को विलेन की तरह लगता था। वो जहां भी काम मांगने जाते थे, निर्माता और निर्देशक उन्हें खलनायक का ही किरदार देते। जिसके चलते उन्हें करियर के शुरुआती दौर में सिर्फ नेगेटिव रोल ही मिले।'' लेकिन अपनी मेहनत और दमदार एक्टिंग से वह फिल्मों के केन्द्रीय किरदार नायक तक पहुंचे और इसमें भी कमाल कर दिखाया। हां, इसकी शुरुआत जरूर छोटे बजट की फिल्मों से हुई। एनएसडी में उनके जूनियर रहे निर्देशक तिग्मांशु धूलिया की फिल्म 'पान सिंह तोमर' से उन्हें वह सब कुछ मिला, जिसकी वे अभी तक तलाश में थे। फिल्म न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर सुपर हिट साबित हुई, बल्कि इस फिल्म के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। 'पान सिंह तोमर' के बाद उन्होंने एक के बाद एक कई हिट फिल्में दीं। 'हिन्दी मीडियम', 'लंच बॉक्स', 'चॉकलेट', 'गुंडे', 'पीकू', 'क़रीब करीब सिंगल', 'न्यूयार्क', 'लाइफ़ इन ए मेट्रो', 'बिल्लू' आदि फिल्मों में उन्होंने अपने अभिनय से फिल्मी दुनिया में एक अलग ही छाप छोड़ी।

शारीरिक तौर पर बिना किसी उछल-कूद के, वे गहरे इंसानी जज्बात को भी आसानी से बयां कर जाते थे। हॉलीवुड अभिनेता टॉम हैंक्स ने उनकी अदाकारी की तारीफ करते हुए एक बार कहा था, ''इरफ़ान की आंखें भी अभिनय करती हैं।'' वाकई इरफ़ान अपनी आंखों से कई बार बहुत कुछ कह जाते थे। आहिस्ता-आहिस्ता अल्फाजों पर जोर देते हुए, जब फिल्म के पर्दे पर वे शाइस्तगी से बोलते थे, तो इसका दर्शकों पर खासा असर होता था। अदाकारी के मैदान में आलमी तौर पर उनकी जो शोहरत थी, ऐसी शोहरत बहुत कम अदाकारों को नसीब होती है। सहज और स्वाभाविक अभिनय उनकी पहचान था। स्पॉन्टेनियस और हर रोल के लिए परफेक्ट! मानो वो रोल उन्हीं के लिए लिखा गया हो। उन्हें जो भी रोल मिला, उसे उन्होंने बखूबी निभाया। उसमें जान फूंक दी। इरफ़ान की किस फिल्म का नाम लें और किस को भुला दें? उनकी फिल्मों की एक लंबी फेहरिस्त है, जिसमें उन्होंने अपनी अदाकारी से कमाल किया है। 'मक़बूल', 'हैदर', 'मदारी', 'सात ख़ून माफ़', 'पान सिंह तोमर', 'तलवार', 'रोग', 'एक डॉक्टर की मौत' आदि फिल्मों में उनकी अदाकारी की एक छोटी सी बानगी भर है।

*29 अप्रैल अदाकार इरफ़ान ख़ान का स्मृति दिवस।*



*जयपुर के थे रियल आर्टिस्ट खान*

राजस्थान के छोटे से कस्बे टोंक के एक नवाब खानदान में 7 जनवरी 1967 को पैदा हुए, इरफान खान अपने मामू रंगकर्मी डॉ. साजिद निसार का अभिनय देखकर, नाटकों के जानिब आए। जयपुर में अपनी तालीम के दौरान वह नाटकों में अभिनय करने लगे। जयपुर के प्रसिद्ध नाट्य सभागार 'रवींद्र मंच' में उन्होंने कई नाटक किए।

उनका पहला नाटक 'जलते बदन' था। अदाकारी का इरफ़ान का यह नशा, उन्हें 'नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा' यानी एनएसडी में खींच ले गया। एनएसडी में पढ़ाई के दौरान अपने वालिद के इंतिकाल के बाद, उन्हें काफी परेशानियां झेलना पड़ीं। एक वक्त, उन्हें घर से पैसे मिलने बंद हो गए। एनएसडी से मिलने वाली फेलोशिप के ज़रिए, उन्होंने साल 1987 में जैसे-तैसे अपना कोर्स खत्म किया। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा ने इरफान खान की एक्टिंग को निखारा। उन्हें एक्टिंग की बारीकियां सिखाईं, जो आगे चलकर फ़िल्मी दुनिया में उनके बेहद काम आईं। एनएसडी में पढ़ाई के दौरान इरफान ने कई बेहतरीन नाटकों में अदाकारी की। रूसी नाटककार चिंगीज आत्मितोव के नाटक 'एसेंट ऑफ फ्यूजियामा', मेक्सिम गोर्की के नाटक 'लोअर डेफ्थ्स', 'द फ़ैन', 'लड़ाकू मुर्गा' और 'लाल घास पर नीला घोड़ा' आदि में उन्होंने अनेक दमदार रोल निभाए।

स्टेज पर अभिनय करते-करते, वह टेलिविजन के पर्दे तक पहुंचे। उन दिनों राष्ट्रीय चैनल 'दूरदर्शन' शुरू-शुरू ही हुआ था और उसके नाटक देशवासियों में काफी पसंद किए जाते थे। इरफान ने यहां अपनी किस्मत आजमाई और इसमें वे खासा कामयाब हुए। गीतकार-निर्देशक गुलज़ार के सीरियल 'तहरीर' से लेकर 'चंद्रकांता', 'श्रीकांत', 'चाणक्य' 'भारत एक खोज', 'जय बजरंगबली', 'बनेगी अपनी बात', 'सारा जहां हमारा', 'स्पर्श' तक उन्होंने कई सीरियल किए और अपनी अदाकारी से दर्शकों की वाह-वाही लूटी। 'चाणक्य' में सेनापति भद्रसाल और 'चंद्रकांता' में बद्रीनाथ और सोमनाथ के रोल भला कौन भूल सकता है? उन्हीं दिनों इरफ़ान ने टेली फिल्म 'नरसैय्या की बावड़ी' में नरसैय्या का किरदार भी निभाया था। टेलीविजन में अदाकारी, इरफान खान की जुस्तुजू और आख़िरी मंज़िल नहीं थी। उनकी चाहत फिल्में थीं और किसी भी तरह वह फिल्मों में अपना आगाज करना चाहते थे। बहरहाल, इसके लिए उन्हें ज्यादा लंबा इंतजार नहीं करना पड़ा। साल 1988 में निर्देशक मीरा नायर ने अपनी फिल्म 'सलाम बॉम्बे' में इरफान को एक छोटे से रोल के लिए लिया। फिल्म रिलीज होने तक यह रोल और भी छोटा हो गया। जिससे इरफान निराश भी हुए। बावजूद इसके उनका यह रोल दर्शकों और फिल्म समीक्षकों दोनों को ख़ूब पसंद आया। फिल्म ऑस्कर अवॉर्ड के लिए भी नॉमिनेट हुई, जिसका फायदा इरफान को भी मिला। अब उन्हें फिल्मों में छोटे-छोटे रोल मिलने लगे।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर विशेष

# मन- मस्तिष्क को भी स्वस्थ रखता है नृत्य



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *नृत्य ईश्वर की ओर से मनुष्य को एक अनमोल, अनुपम उपहार है। इसके माध्यम से ईश्वर के विराट स्वरूप का भी दर्शन किया जा सकता है। नटराज नृत्य को ईश्वरीय परंपरा के रूप में देखा जाता है। पौराणिक ग्रंथों में शिव के नृत्य का विशद वर्णन प्राप्य हैं। तांडव नृत्य के द्वारा क्रोध का प्रदर्शन होता है। इसे सर्वनाश के रूप में जरूर प्रस्तुत किया जाता है, परंतु यह विनाश के बाद ही सृजन की प्रक्रिया प्रारंभ होने का द्योतक है।*

गीत, संगीत, नृत्य से मानव मन का आदिकाल से ही संबंध रहा है। वैदिक मंत्रों के सस्वर गायन से उद्भूत संगीत से मानव मन स्वतः ही नृत्यमय होता रहा है। मानवीय अभिव्यक्तियों का रसमय प्रदर्शन नृत्य एक सार्वभौम कला है, जिसका जन्म आदिकाल में मानव सृष्टि के साथ ही हुआ है। शिशु जन्म लेते ही रोकर अपने हाथ -पैर मार कर अपनी भावाभिव्यक्ति करता है कि वह भूखा है। ऐसे ही आंगिक क्रियाओं से नृत्य की उत्पत्ति हुई है। हाथ, पैर, मुख व शरीर संचालन का समन्वय ही तो नृत्य होता है। शरीर का संगीत से संबंध जोड़ने अर्थात समन्वय बनाने की एक स्वाभाविक प्रक्रिया नृत्य है। नृत्य से तन उन्मुक्त हो जाता है। नृत्य करने के लिए शरीर का एक-एक अंग सक्रिय होता है। इसमें ऊर्जा का भारी मात्रा में व्यय होता है। यह शरीर के सभी अस्थिपंजर को चलायमान अर्थात चुस्त-दुरुस्त रखने में सहायक भी है। नृत्य भाव केंद्रित होने के कारण मन भटकने से बचता है। और कुछ देर नाचते रहने से धीरे-धीरे मन भी नृत्य करने लगता है। अंत में नृत्य करने वाला नृत्य में ही मग्न हो जाता है, डूब जाता है। तन और मन संगीत के लय पर एक साथ झूमने से अलौकिक आनंद की प्राप्ति होती है। आत्मा का परमात्मा से मिलन इसी विंदु पर संभव है। यह एक यौगिक क्रिया भी है। इसे योग साधना भी कहा जाता है। यह स्वस्थ शरीर के साथ मन- मस्तिष्क को भी स्वस्थ रखता है। वैदिक, पौराणिक ग्रंथों तथा सामाजिक व ऐतिहासिक कथाओं में भी नृत्य का महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इसकी व्यापकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्राचीन वैदिक धर्म व पौराणिक ग्रंथों में ईश्वर को भी नृत्य करते हुए चित्रित किया जाता रहा है। यह आदिकाल से भक्ति व मनोरंजन का एक प्रमुख स्रोत रहा है। यही कारण है कि संसार की सभी सभ्यता की संस्कृतियों में नृत्य की अपनी विशिष्ट परम्पराएं आज भी कायम हैं। कहा जाता है कि भारत में कोस-कोस पर पानी और वाणी बदलने की भांति ही कोस -कोस पर नृत्य शैलियां भी विविध हैं। इसके द्वारा वहां के स्थानीय लोगों की भावनाएं, जीवनशैली, पारिवारिक संरचना आदि



विभिन्न पक्षों व दृष्टिकोण को देखा- परखा जा सकता है। इसकी महता आदि सृष्टिकाल से आज तक अनवरत कायम है। इसीलिए प्रतिवर्ष 29 अप्रैल को विश्व नृत्य दिवस का आयोजन किया जाता है, और इसकी महता, आवश्यकता और प्रासंगिकता के बारे में लोगों को जागरुक किया जाता है।

नृत्य का इतिहास मानव इतिहास के समान ही प्राचीन है। संसार के प्राचीनतम ग्रंथ वेदों में इसका उल्लेख होने से यह स्पष्ट है कि यह आदिकाल से ही भारत में प्रचलित है। ऋग्वेद के अनेक मंत्रों में नृत्य शब्द का उल्लेख हुआ है-

इन्द्र यथा हयस्तितेपरीतं नृतोशग्वः । तथा नह्यंगं नृतो त्वदन्यं विन्दामि राधसे।

अर्थात- इंद्र तुम बहुतों द्वारा आहूत तथा सबको नचाने वाले हो।

इससे स्पष्ट होता है कि तत्कालीन समाज में नृत्यकला का प्रचार-प्रसार सर्वत्र था। नृत्य के साथ प्रयोग होने वाले वाद्यों का नाम भी वेद में आया है-

वीणा वादं पाणिघ्नं तूणब्रह्मं तानृत्यान्दाय तलवम्।

अर्थात- नृत्य के साथ वीणा वादक और मृदंगवादक और वंशीवादक को संगत करनी चाहिए और ताल बजाने वाले को बैठना चाहिए।

यजुर्वेद, सामवेद व अथर्ववेद में भी नृत्य संबंधी वृहद वर्णन प्राप्य हैं। यजुर्वेद के अनुसार प्राचीन काल में नृत्य करने वाले को सूत कहा जाता था, और गाने वाले को शैलूष कहते थे। इन लोगों का एक पृथक समुदाय स्थापित हो चुका था। ये लोग गा-बजाकर और नृत्य कर अपनी आजीविका चलाते थे। समाज में नृत्य-गान की शिक्षा का कार्य भी यही सूत व शैलूष ही किया करते थे। प्राचीन काल में सभी वर्गों के लिए नृत्य का महत्वपूर्ण स्थान था। सामवेद की रचना ऋग्वेद के पाठ्य अंशों को गाने के लिए की गई। इसलिए यह वेद गान क्रिया से संबंधित है। और इसमें नृत्य संबंधी बहुत अधिक जानकारी नहीं मिलती है। लेकिन यह भी सत्य है कि नाट्य के चतुर्थ अंग गति को नाट्य वेद के निर्माता परम पिता ब्रह्मा ने सामवेद से ही ग्रहण किया है। अथर्ववेद में नृत्य को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इसमें नृत्य संबंधी वर्णनों की प्रचुरता है। और इसमें नृत्यकला का उत्कृष्ट रूप भी दृष्टिगोचर होता है। अथर्ववेद के मंत्रों में गायन-वादन का एक साथ उल्लेख है-

यस्यां गायन्ति नृत्यंति भूम्यां मर्त्यायैलिवाः युद्धन्ते यस्यमा-न्दो यस्यां वदति दुन्दुभिः।– अथर्ववेद 12/1/41

अर्थात- जिस पृथ्वी पर मनुष्य ऊँचे, नीचे और मध्यम स्वर से गाते, नाचते और बाजे बजा कर युद्ध करते हैं, वहां पर धर्मात्मा लोग निर्विघ्न होकर सुख प्राप्त करें। हम युद्धों से ऊपर उठकर जीवन का आनन्द ले-सकें।

वेद में नृत्य संबंधी प्राप्य विवरणियों के समीचीन अध्ययन से इस सत्य का सत्यापन होता है कि नृत्य को उस युग में व्यायाम के रूप में माना गया था। शरीर को अरोग्य रखने के लिए नृत्यकला का प्रयोग किया जाता था। यह केवल नृत्त ही था जिसका प्रयोग समाज में केवल आनंद के अवसरों पर किया जाता था। तांडव और लास्य के बीज वैदिक काल में पड़ चुके थे। अर्थात वैदिक काल में नाट्य, नृत, नृत्य तथा तांडव-लास्य का बीजारोपण हो चुका था। नृत्य को भारत में दिव्य उत्पत्ति से जोड़कर देखा जाता है। पौराणिक आख्यानों के अनुसार एक बार देवराज इंद्र ने ब्रह्मा से देवताओं के योग्य मनोरंजन की रचना करने की प्रार्थना की, जिससे जन साधारण की पहुंच भी वैदिक प्रज्ञा तक हो सके। ब्रह्मा ने चारों वेदों से प्रमुख विशेषताओं को चुनकर पांचवें वेद नृत्यकला का विकास किया। ऋग्वेद से गीति काव्य, यजुर्वेद से भाव मुद्रा, सामवेद से संगीत तथा अथर्ववेद से भावनात्मक एवं सौंदर्यात्मक अंग लेकर नाट्य वेद की रचना की गई। इसके बाद ब्रह्मा ने भरत मुनि को विज्ञान और कला में दक्ष बनाकर नृत्य को लोकप्रिय बनाने का कार्य सौंपा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# जीत का दावा



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

कल सुबह पार्क में घूमते हुए राजनीति में रुचि रुझान रखने वाले पत्रकार मित्र मुंशीराम मिल गए। वह पिछले दिनों संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में खबरों के लिए जनता के बीच में यहां वहां जाकर खूब पसीना बहा रहे थे। पिछले दो सप्ताह के बाद आज वह मिले। मुझे देख मुस्कुराये, उनकी मुस्कुराहट का सम्मान करने के लिए मैं भी उनकी ओर बढ़ लिया।

वह बोले 'आओ सामने बैठते हैं। 'मैं पिछले दो दिन से तो घर पर ही चुनावी थकेला उतार रहा था। 'मैंने पूछा' इस बार दोनों प्रमुख पार्टी के प्रत्याशी और उनकी पार्टी के बड़े नेतागण सब अपनी अपनी ऐतिहासिक जीत का दावा कर रहे हैं। क्या विचार है तुम्हारा इन दोनों प्रतिद्वंद्वियों, की जीत को लेकर?'

वह बोले 'तेल देखो तेल की धार देखो। जब अखाड़े में दो पहलवान उतरते हैं तो सभी प्रशंसक यही दावा करते हैं कि उनका पहलवान ही जीतेगा। पर हार जीत की कुश्ती का फैसला तो दाव पेचों से भरी जोर अजमाइश के बाद ही हो पता है। ऐसे में एक का दावा पिटकर रह जाता है।'

'ऐसे ही आज राजनीति में हो रहा है। जब दोउम्मीदवारों में बराबरी की टक्कर लगने लगती है तो हर कोई यही दावा करता है कि उसका उम्मीदवारी हीजीतेगा। उसे ही इक्कीस किलो की फूल माला पहनाने काअवसर मिलेगा। ढोल ढमाकों से स्वागत होगा। परिजन आरती उतरेंगे। जनता का आभार व्यक्त करने बाजार में घूम घूम कर रामा श्यामी करेगा।'

लेकिन इन दोनों प्रत्याशियों के लिये एक बात सही है। एक जीतेगा और एक हारेगा। यह वह भी जानते हैं कि जनता का मनोबल ऊंचा बनाए रखने मैं कमी क्यों रखी जाये। होगा वही जो रामरचि राखा।

'जब तक चुनावी रिजल्ट नहीं आ जाता तब तक तो दोनों उम्मीदवार अपने जीत की कल्पना की दुनिया में जी कर आनंद मंगल यात्रा कर रहे हैं। रिजल्ट आने तक सभी लोगों के लिए अपनी पसंद की उम्मीदवारों के लिए गौरवांवित होने का एक सौभाग्य शाली अवसर है।' वह जाने के लिए खड़ा होते हुआ बोले 'दावा है, दावों का क्या! अपने पक्ष में अच्छा चिंतन करने में बुराई क्या है? जीत की दावेदारी का आनंद तो मुंह में रखी मिश्री की की तरह मीठा अवसर प्रदान करती है। अंत में जो हारेगा वह गमगीन होता बस यही कहेगा मुझे जनता का निर्णय शिरोधार्य है और जीतने वाले को बधाई दे, वह फिर से अपनी पटरी की ओर आगे बढ़ता रहेगा।'

## नॉलेज कॉर्नर: भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद का महत्वपूर्ण कारण है यह ग्लेशियर

# विश्व का सबसे ऊंचा रणक्षेत्र 'सियाचीन'

सियाचीन ग्लेशियर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद का एक प्रमुख कारण है। सियाचीन विश्व का दूसरा सबसे बड़ा हिमनद है। हिमनद सामरिक रूप से भारत और पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण है। इसका उत्तरी हिस्सा-काराकोरम भारत के पास, पश्चिम का कुछ भाग पाकिस्तान के पास और कुछ भाग चीन के पास भी है। सियाचिन सिया और चुन दो शब्दों से बना है। निकटवर्ती क्षेत्र बाल्टिस्तान की बाल्टी बोली के अनुसार "सिया" का अर्थ "जंगली गुलाब" और "चुन" का अर्थ है "बहुतायत"।

### क्या है भारत-पाकिस्तान के बीच विवाद का कारण



सियाचीन ग्लेशियर कश्मीर क्षेत्र में स्थित है। इस ग्लेशियर पर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से विवाद बना हुआ है। इसको लेकर पाकिस्तान भारत पर कई तरह के आरोप भी लगाता है। पाकिस्तान का कहना है कि वर्ष 1989 में दोनों देशों के बीच सहमति बनी थी कि भारत अपनी पुरानी स्थिति पर वापस लौट जाए। पाकिस्तान के अनुसार भारतीय सेना ने 1972 के शिमला समझौते और 1949 के करांची समझौते का उलंघन किया है। भारत ने सियाचिन पर कई सैन्य अभियान चलाए...परिणामस्वरूप भारत ने 2500 किमी से अधिक क्षेत्र पर नियंत्रण पा लिया है।

### दोनों देशों के बीच हुआ समझौता

सुरक्षा की दृष्टि से सियाचिन में भारत के 10 हजार सैनिक तैनात हैं। सैनिकों के रखरखाव पर हर दिन करीब 5 करोड़ रुपए का खर्च आता है। दोनों देशों के लिए यह सौदा काफी महंगा है, इसलिए सैन्य गतिविधियां बंद करने के लिए भारत-पाकिस्तान में बातचीत हुई। जिसमें भारतीय दल के मुखिया रक्षा सचिव अजय विक्रम सिंह और पाक शिष्टमंडल का नेतृत्व वहां के रक्षा सचिव सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल हामिद नवाज खान ने किया। दोनों देशों के बीच 1989 तक सात दौर की वार्ता का कुछ नतीजा नहीं निकला।

### सियाचीन का इतिहास

आज अगर पाकिस्तान का नक्शा देखा जाए तो कुछ मानचित्रों में यह भाग उनके हिस्से में दिखाया गया है। इस बात से चिंतित भारत ने वर्ष 1984 में ऑपरेशन मेघदूत शुरू किया। इसके जरिए भारत ने एनजे-9842 के उत्तरी हिस्से पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया। जिसे सालटोरो कहा जाता है। वर्ष 1972 में जब शिमला समझौता हुआ तो सियाचिन के एनजे-9842 नामक स्थान पर युद्ध विराम की सीमा तय हो गई...लेकिन कुछ सालों बाद फिर से बाकी के हिस्सों में हलचल होने लगीं और पाकिस्तान की ओर से कुछ पर्वतारोही दलों को वहां जाने की अनुमति भी मिली।

### सियाचीन की भौगोलिक स्थिति

*यह विश्व का सबसे ऊंचा युद्ध क्षेत्र है। समुद्र तल से करीब 5,753 मीटर ऊंचाई पर स्थित है। जो हिमालय पूर्वी काराकोरम रेंज में भारत-पाक नियंत्रण रेखा के पास लगभग देशान्तर 77.10 पूर्व और 35.42 अक्षांश: उत्तर पर स्थित है। काराकोरम के पांच बड़े हिमनदों में सबसे बड़ा हिमनद है। यह लगभग 80 किमी लम्बा है।*



**जेपी नड्डा**, भाजपा अध्यक्ष
@JPNadda
सिख कौम के लोग भाजपा में शामिल हों, ये हमारे लिए गौरव और खुशी की बात है। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जिसके माध्यम से हम देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को आगे बढ़ा सकते हैं। सिख कौम के लिए अगर सही मायने में किसी ने काम किया है, तो वो हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
पिंडवाड़ा-आबू से भाजपा विधायक श्री समाराम गरासिया जी के अस्वस्थ होने का समाचार प्राप्त हुआ। मैं ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।



**सीपी जोशी**, प्रदेशाध्यक्ष बीजेपी
@cpjoshiBJP
दोनों चरण के मतदान के बाद हम विश्वास से कह सकते हैं कि प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलेगा।

### हॉट सीट: उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में तेज हुआ सियासी संघर्ष, मुलायम परिवार का रहा है गढ़, डिंपल यादव हैं चुनाव मैदान में

# BJP ने विरासत हथियाने के लिए लगाया जोर, सपा ने भी झोंकी ताकत

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में चुनाव के पहले दो चरणों में मत प्रतिशत में आई गिरावट से भाजपा और समाजवादी पार्टी दोनों खेमों में बेचैनी है। ज्यों ज्यों चुनाव आगे बढ़ रहा है दोनों ही पार्टियों के लिए सियासी चुनौती बढ़ती जा रही है। भाजपा ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। उसके दिग्गज नेता तीसरे चरण की सीटों पर वाले संसदीय क्षेत्रों मथने में लगे हैं। रविवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समाजवादी पार्टी





के गढ़ इटावा-मैनपुरी-कासगंज अंचल के दौरे पर थे। वहीं सपा भी अपने किले को अभेद्य रखने के लिए पूरी ताकत के साथ जुटी है। मैनपुरी संसदीय सीट सपा का गढ़ कही जाती है और वहां पर इस बार रोमांचक और प्रतिष्ठापूर्ण चुनावी लड़ाई है। इस बार यहां विरासत और बदलाव के बीच सियासी संघर्ष है। वर्ष 1996 में मुलायम सिंह यादव यहां पहली बार लोकसभा चुनाव में मैदान में उतरे थे। उसके बाद इस क्षेत्र पर सपा का रंग गहरा होता गया। बीते 10 चुनावों से सपा इस सीट पर लगातार जीत रही है। इनमें से पांच चुनावों में खुद मुलायम सिंह यादव सांसद बने थे।

जबकि तीन उपचुनावों में परिवार के अलग-अलग सदस्य संसद तक पहुंचे। इनमें सपा की डिंपल यादव भी शामिल हैं, जो वर्ष 2022 में मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद हुए उपचुनाव में सांसद बनी थीं। भाजपा ने उनके मुकाबले में इस बार स्थानीय विधायक और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को मैदान में उतारा है। जबकि बसपा से भरथना के पूर्व विधायक शिव प्रसाद यादव प्रत्याशी हैं। तीनों का प्रचार युद्ध चरम पर है।

### यादव मतों का दबदबा

जातीय समीकरणों की बात करें तो यहां सर्वाधिक चार लाख यादव मतदाता हैं। इनके बाद शाक्य मतदाताओं की संख्या करीब ढाई लाख है। इसके अलावा करीब दो लाख क्षत्रिय मतदाता हैं, जबकि ब्राह्मण, पाल बघेल, कश्यप और अनुसूचित जाति के मतदाता एक-एक लाख हैं। लोधी मतदाताओं की संख्या सवा लाख और मुस्लिम मतदाता 70 हजार के करीब माने जाते हैं। समाजवादी पार्टी यादव मतों को एकजुट रखने के साथ अन्य जातियों को जोड़ने में जुटी है। वहीं, भाजपा यादव मतों में सेंध की बड़ी कोशिश कर रही है। उसका जोर शाक्य मतों का बिखराव रोकने और अन्य जातियों को अपने साथ जोड़े रखने पर है। बसपा भी अपने कैडर वोट के साथ यादव मतों पर निगाह गढ़ाए है।

### वोट बैंक के डर से अयोध्या नहीं आए अखिलेश: अमित शाह

मैनपुरी। भाजपा ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बाद अब तीसरे चरण में समाजवादी पार्टी के गढ़ में सेंध लगाने के लिए अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को सपा के गढ़ कहे जाने वाले मैनपुरी के किशनी में जनसभा किया। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी भी हैं। उन्होंने कासगंज में भी चुनावी सभा को संबोधित किया। अमित शाह ने मैनपुरी में जनसभा में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि अखिलेश बाबू को राम मंदिर का आमंत्रण भेजा गया था। पर वे वोट बैंक के डर से अयोध्या नहीं गए। शाह ने कहा कि राहुल बाबा अखिलेश के खास दोस्त हैं।

---

### कर्नाटक में पीएम की धुआंधार जनसभाएं, कांग्रेस व राहुल को घेरा

# कांग्रेस के पास पीएम का चेहरा घोषित करने के लिए नहीं नाम

**एजेंसी** | बेलगावी (कर्नाटक)

भाजपा ने तीसरे चरण के मतदान से पहले अपना चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक में धुआंधार प्रचार करते हुए बेलगावी,सिरसी ,दावणगेरे और बल्लारी में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित करने के लिए कोई नाम नहीं है।

क्या यह देश ऐसा कुछ स्वीकार करेगा? उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत के राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि वह(राहुल गांधी) तुष्टीकरण की राजनीति की खातिर नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों की ओर से किए गए अत्याचारों पर एक भी शब्द नहीं बोलते हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस देशहित से इतना दूर हो चुकी है कि उसे देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। उन्होंने ईवीएम के बहाने पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश की। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को भारत की उपलब्धियों पर शर्म



आती है। हुबली हत्याकांड को लेकर भी पीएम मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कांग्रेस पर छत्रपति शिवाजी महाराज और रानी चिनम्मा का अपमान करने का आरोप भी लगाया है।

पीएम मोदी ने बेलगामी में जनसभा में विरासत कर के मुद्दे पर भी कांग्रेस के खिलाफ हमला जारी रखा और कानून व व्यवस्था की स्थिति को लेकर कर्नाटक में इस पार्टी की सरकार पर निशाना साधा।

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा लोगों की संपत्तियां बढ़ाने पर काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस का शहजादा (राहुल गांधी) और उनकी बहन (प्रियंका गांधी वाड्रा) दोनों यह घोषणा कर रहे हैं कि अगर वे सत्ता में आए तो वे देश का एक्स-रे करेंगे।

प्रधानमंत्री ने पूछा कि वे आपकी संपत्ति, बैंक लॉकर, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और महिलाओं के आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे। ये लोग हर घर पर छापा मारेंगे और आपकी संपत्ति पर कब्जा करेंगे।

#### इन मुद्दों पर घेरा, कहा...

- राजा- महाराजाओं की कर रहे आलोचना, नबाबों-बादशाहों के अत्याचारों पर मौन
- तुष्टीकरण का आरोप
- विरासत कर को लेकर प्रहार

#### राहुल गांधी पर बोला हमला

प्रधानमंत्री ने मैसुरु के पूर्व शाही परिवार के योगदान को याद करते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे ने वोट बैंक की राजनीति और तुष्टीकरण को ध्यान में रखते हुए जानबूझकर ऐसे बयान दिए। उन्होंने कहा कि मैसुरु के पूर्व शाही परिवार का उनके योगदान के लिए आज भी देशभर में सम्मान किया जाता है। मोदी ने कहा कि राहुल गांधी मुगल शासक औरंगजेब के जुल्मों को याद नहीं रख सकते। कांग्रेस उन दलों के साथ खुशी-खुशी गठबंधन कर रही है, जिन्होंने हमारे धार्मिक स्थानों को नष्ट किया, हत्याओं, गौ हत्या में शामिल रहे। मोदी ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय बनाने में बनारस के राजा और मंदिरों के पुनर्निर्माण में महारानी अहिल्याबाई होल्कर के योगदानों को भी याद किया।

#### कांग्रेस के घोषणापत्र पर उठाए सवाल

प्रधानमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस की तुष्टीकरण की विचारधारा देश के सामने खुलकर आ गई है और यह उनके घोषणा पत्र में भी दिखाई देती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता बी.एस. येदियुरप्पा, बेलगाम (बेलगावी) से पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार और चिक्कोडी से उम्मीदवार अन्नासाहेब शंकर जोले इस जनसभा में उपस्थित रहे।

#### हुबली में छात्रा की हत्या का मुद्दा उठाया

हुबली में एक छात्रा नेहा हिरेमथ की हाल में हुई हत्या का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि परिवार ने कार्रवाई की मांग की है, लेकिन कांग्रेस सरकार ने तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि उनके लिए नेहा जैसी बेटियों की जिंदगियों की कोई कीमत नहीं है, वे केवल अपने वोट बैंक के बारे में सोचते हैं। मोदी ने कहा कि बेंगलुरु के कैफे में बम विस्फोट के बावजूद कांग्रेस सरकार ने शुरुआत में इसे गंभीरता से नहीं लिया, बल्कि उन्होंने इसे सिलेंडर विस्फोट बताया। उन्होंने कहा कि आप (कांग्रेस) देश के लोगों से झूठ क्यों बोल रहे हैं, अगर आप नहीं कर सकते तो छोड़ दीजिए और घर जाइए।

---

### राहुल ने ओडिशा में किया सभाओं को संबोधित

# मोदी व CM पटनायक पर वार कहा-BJP व BJD की हुई शादी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कटक (ओडिशा)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को ओडिशा के चुनावी दौरे पर रहे और उन्होंने राज्य के विभिन्न अंचलों में चार चुनाव सभाओं को संबाधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में सत्तारूढ़ बीजद और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर जमकर प्रहार किया। कटक और केंद्रपाड़ा में चुनाव रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दोनों ने मिलकर जनता को सिर्फ चूना लगाया है और 'पान' खिलाया है। उन्होंने कहा कि भले ही भाजपा और बीजू जनता दल (बीजद) एक दूसरे के खिलाफ चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वास्तव में दोनों एक साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के अरबपतियों



के लिए सरकार चलाते हैं तो दूसरी ओर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करते हैं जो केवल राज्य के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है। दिल्ली के चाचा और नवीन बाबू ने पार्टनरशिप की है। चाचा और नवीन बाबू ने मिलकर ओडिशा की जनता को 'PAANN' दिया है.। 'PAANN' यानी राज्य को पांडियन, अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नवीन पटनायक चला रहे हैं। उन्होंने तुम्हारी सारी संपत्ति चुरा ली है। उन्होंने कहा, इसे साझेदारी कहें या विवाह, बीजद और भाजपा दोनों एक साथ हैं। इसके साथ ही राहुल गांधी ने ओडिशा के लिए कांग्रेस की गारंटी का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपए, बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3,000 रुपए, 200 यूनिट फ्री बिजली, 500 रुपए में गैस सिलेंडर और धान के लिए 3,000 रुपए प्रति क्विंटल देंगे।

#### राहुल के भाषणों को तोड़ मरोड़कर पेश करने का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राहुल गांधी पर लगाए गए आरोप के संबंध में रविवार को पलटवार करते हुए कहा कि वह सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के लिए पूर्व कांग्रेस प्रमुख के हर बयान को दुर्भावनापूर्ण तरीके से तोड़-मरोड़कर पेश करते हैं। विपक्षी दल की



टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा रविवार को राहुल गांधी पर भारत के राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति की खातिर नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों द्वारा किए गए अत्याचारों पर एक भी शब्द नहीं बोलने का आरोप लगाए जाने के बाद आई है।

---

### सत्ता में आते ही देंगे एक लाख की हज सहायता: नायडू

**नेल्लोर (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को प्रस्तावित चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। तेलुगु देशम पार्टी सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू ने मुसलमानों को हज यात्रा के लिए एक लाख रुपए वित्तीय सहायता देने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि टीडीपी, भाजपा और जनसेना मिलकर आंध्र प्रदेश में सरकार बनाएंगे। एनडीए के सत्ता में आते ही मक्का जाने वाले प्रत्येक मुस्लिम को हज सहायता दी जाएगी। नेता प्रतिपक्ष नायडू ने रविवार को नेल्लोर में मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ बातचीत की।

---

### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का पश्चिम बंगाल का दौरा

# संदेशखाली मुद्दे पर ममता सरकार को घेरा

**एजेंसी** | कोलकाता

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संदेशखाली मुद्दे को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा है। इसी के साथ उन्होंने दावा किया कि बंगाल में भाजपा 35 से भी अधिक सीटें जीतने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी केंद्र में एक ऐसी सरकार चाहती हैं, जो आतंकवाद के लिए नरम हो।

मुर्शिदाबाद में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि ममता बनर्जी की नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार भ्रष्टाचार, जबरन वसूली,



तुष्टिकरण और भेदभाव के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा, हमने देखा कि कैसे ममता बनर्जी की सरकार में टीएमसी के शाहजहां शेख जैसे लोग संदेशखाली में महिलाओं के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। महिलाओं की रक्षा के लिए संदेशखाली गए केंद्रीय जांच एजेंसियों पर हमला किया गया। नड्डा ने कहा, हम एक मजबूत सरकार चाहते हैं, लेकिन ममता बनर्जी मजबूर सरकार चाहती हैं। हम उनकी तुष्टिकरण की राजनीति का विरोध करते हैं, जो घुसपैठियों के पक्ष में होती है। उन्होंने आगे कहा कि ममता बनर्जी की सरकार को आतंकवादियों से सहानुभूति है।

नड्डा ने संदेशखाली में सीबीआई द्वारा हथियार और गोला-बारूद की जब्ती को लेकर पूछा कि क्या वे(सीएम ममता बनर्जी) लोगों को डराकर और धमकाकर लोकसभा चुनाव जीतना चाहती हैं। उन्होंने संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं के साथ अपनी पार्टी की एकजुटता व्यक्त की।

#### नड्डा के बयान पर TMC का पलटवार

नड्डा के बयान पर टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने पलटवार करते हुए कहा, क्या उन्हें कोई फर्क पड़ता है? वह प्रभावी नहीं है। वह अपने ही राज्य में नहीं जीत सके। शेख शाहजहां 294 में से केवल एक निर्वाचन क्षेत्र में है। हम केवल इतना कहना चाहते हैं कि इस मामले में कानून को अपना काम करने दें।

---

### सहायता राशि को लेकर सिद्दारमैया का केंद्र के खिलाफ धरना

# खाली लोटा हाथ में लेकर कांग्रेस नेताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, मंत्रियों और विधायकों के साथ रविवार को धरना दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने सूखे से निपटने के लिए राहत राशि जारी करने में राज्य के साथ अन्याय किया है। खाली लोटा हाथ में पकड़े नेताओं ने केंद्र पर सूखे से निपटने के लिए पर्याप्त राहत जारी न कर कर्नाटक को धोखा देने का आरोप लगाया। राज्य सरकार ने कर्नाटक के कुल 236 तालुकाओं में से 226 को सूखाग्रस्त घोषित



किया है। कहा है कि 48 लाख हेक्टेयर भूमि में फसल का नुकसान हुआ है। सिद्दरमैया अनुसार, सूखे से निपटने के लिए 18,171 करोड़ रुपये की मांग के बदले केंद्र सरकार ने केवल 3,454 करोड़ रुपए जारी करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह आदेश भी राज्य द्वारा सुप्रीम कोर्ट का रुख करने के बाद दिया गया है।

---

### दिल्ली में कांग्रेस को झटका: अंदरूनी कलह आई सतह पर, बाहरी उम्मीदवार को लेकर असंतोष हुआ मुखर

# प्रदेश अध्यक्ष लवली का पद से इस्तीफा, AAP से गठबंधन पर हैं खफा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को दिल्ली में बड़ा झटका लगा है। पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इसके पीछे का कारण आम आदमी पार्टी से हुए गठबंधन को बताया है।

पार्टी के आलाकमान ने स्वीकार भी कर लिया है। कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया रविवार शाम इस बात की पुष्टि की कि पार्टी ने लवली के इस्तीफे को मंजूर कर लिया है। लवली को अगस्त 2023 में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया





गया था। उनके इस्तीफे से पार्टी की अंदरूनी खींचतान सतह पर आ गई है। लवली ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर इस्तीफा भेजा है। जिसमें उन्होंने अपनी नाराजगी की वजह बताई है। लवली ने कहा, दिल्ली कांग्रेस इकाई उस पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ थी, जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के एकमात्र आधार पर बनी थी। इसके बावजूद, पार्टी ने दिल्ली में आप के साथ गठबंधन करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस को सिर्फ तीन ही सीटें ही दी गईं।

#### सिर्फ अध्यक्ष पद छोड़ा है, पार्टी को नहीं त्यागा

इस्तीफे के बाद मीडिया से बातचीत में लवली ने कहा कि मैंने सिर्फ अध्यक्ष पद छोड़ा है। पार्टी नहीं छोड़ी है। मैं किसी भी पार्टी में शामिल नहीं हूंगा। टिकट को लेकर इस्तीफे की बात गलत है। उनके साथ कांग्रेस नेता राजकुमार चौहान एवं नसीब सिंह भी मौजूद थे। पार्टी की दिल्ली इकाई थी गठबंधन के खिलाफ

#### लवली ने पार्टी के दिल्ली प्रभारी पर लगाया गंभीर आरोप

लवली ने खरगे को लिखे अपने पत्र में कहा कि दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा लिए गए सभी सर्वसम्मत निर्णयों को एआईसीसी महासचिव (दिल्ली प्रभारी) ने एकतरफा वीटो कर दिया है। उन्होंने लिखा, डीपीसीसी अध्यक्ष के रूप में मेरी नियुक्ति के बाद से, एआईसीसी महासचिव (दिल्ली प्रभारी) ने मुझे डीपीसीसी में कोई भी वरिष्ठ नियुक्ति करने की अनुमति नहीं दी है। डीपीसीसी के मीडिया प्रमुख के रूप में एक अनुभवी नेता की नियुक्ति के मेरे अनुरोध को स्पष्ट रूप से अस्वीकार कर दिया गया था। एआईसीसी महासचिव (दिल्ली प्रभारी) ने डीपीसीसी को शहर में सभी ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति करने की अनुमति नहीं दी है, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली में 150 से अधिक ब्लॉकों में वर्तमान में कोई ब्लॉक अध्यक्ष नहीं है।

#### कन्हैया के टिकट को लेकर पार्टी में घमासान!

सूत्रों के अनुसार लवली के इस्तीफे की एक वजह दिल्ली से बाहरी उम्मीदवार को टिकट देना भी है। लवली इस बात को लेकर भी नाराज बताए जा रहे हैं कि दिल्ली में सीट शेयरिंग में पार्टी को मिली तीनों सीटों में दो सीटें बाहरी व्यक्तियों को दी गईं। कन्हैया कुमार के टिकट को लेकर लगातार पार्टी में अंदरखाने घमासान मचा हुआ है। हाल ही में पार्टी की एक बैठक में कन्हैया कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित के बीच तीखी बहस हुई। लवली और चौहान के इस्तीफे में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया से मतभेद भी सामने आए हैं। सूत्रों के अनुसार लवली कई दिन से प्रदेश कार्यालय नहीं आ रहे थे। वह उत्तर पश्चिमी दिल्ली से राजकुमार चौहान को टिकट नहीं मिलने से नाराज थे।

#### इन तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है कांग्रेस

दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों आपसी गठबंधन के तहत चुनाव में लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार, चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल और उत्तर पश्चिमी दिल्ली से उदित राज को टिकट दिया है। आम आदमी पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

**जरूरी खबर**

### सीडीएस अनिल चौहान का फ्रांस दौरा रहा अहम



**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को समाप्त फ्रांस के दौरे के दौरान वहां की शीर्ष रक्षा कंपनियों दसॉल्ट एविएशन, सफरान और नेवल ग्रुप का दौरा किया। भारत की सैन्य क्षमताओं के निर्माण के उद्देश्य से सीडीएस का फ्रांस दौरा अहम है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में यह बात कही है। भारत, फ्रांस से 26 राफेल लड़ाकू विमानों के साथ ही तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बियों की खरीद कर रहा है। बीते साल जुलाई में रक्षा मंत्रालय ने इस सौदे को मंजूरी दी थी। इन राफेल फाइटर जेट को आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा।

### बसपा ने अमेठी से रवि मौर्या को उतारा मैदान में

**लखनऊ।** बहुजन समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को तीन और प्रत्याशी घोषित कर दिए। पार्टी ने संतकबीरनगर लोकसभा सीट से सैय्यद दानिश, अमेठी से रवि प्रकाश मौर्या और आजमगढ़ सीट से सबीहा अंसारी को चुनावी मैदान में उतारा है। पार्टी इससे पहले रायबरेली सीट के लिए भी अपने प्रत्याशी की घोषणा कर चुकी है। ज्ञात रहे कि अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं।

### आप के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगाई: आतिशी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने उनके कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी है। हाल ही में पार्टी ने अपना कैंपेन गीत लॉन्च किया था। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अब भाजपा के एक और राजनीतिक हथियार चुनाव आयोग ने आप के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी। ऐसा पहली बार हुआ होगा, जब चुनाव आयोग ने किसी पार्टी के चुनावी गाने पर रोक लगाई है। आतिशी ने कहा, चुनाव आयोग को भाजपा द्वारा रोज आचार संहिता का उल्लंघन नहीं दिखता लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता सांस तक लेते हैं तो नोटिस आ जाते हैं।

## उत्तराखंड: जंगल में आग ...एनडीआरएफ तैनात



**देहरादून।** *उत्तराखंड में जंगल में लगी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। रविवार को गढ़वाल से कुमाऊं तक आठ जगह जंगल धधके। अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा के मुताबिक, नैनीताल वन प्रभाग की बडोन और मनोरा रेंज में वन कर्मचारियों के साथ आग बुझाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) को तैनात किया गया है। वन विभाग एक रिपोर्ट के मुताबिक, गढ़वाल में जंगल में आग की दो और कुमाऊं में चार घटनाएं हुई हैं, जबकि दो घटनाएं वन्य जीव क्षेत्र की हैं। केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग के आरक्षित वन क्षेत्र में आग की दो घटनाओं में चार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान हुआ है।*

## आतंकियों से मुठभेड़, ग्राम रक्षा गार्ड शहीद

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के दूरदराज गांव में रविवार सुबह गोलीबारी की घटना में ग्राम रक्षा गार्ड का सदस्य शहीद हो गया। सेना ने इलाके में छिपे आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए सर्च अभियान शुरू किया था और सुबह करीब पौने आठ गश्त कर रहे पुलिस और वीडीजी टीम की संदिग्ध आतंकवादियों से मुठभेड हो गई। अधिकारियों ने कहा कि हाल ही में पाकिस्तान से घुसपैठ कर आए आतंकियों को खोजने के लिए सर्च अभियान चलाया गया था, तभी बसंतगढ़ के पनारा गांव में सुबह करीब 7:45 बजे पुलिस और वीडीजी के एक गश्ती दल ने संदिग्ध आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गई। आधे घंटे से अधिक समय तक चली गोलीबारी के बाद आतंकवादी जंगल की ओर भाग गए। सुरक्षा बल उनका पीछा कर रहे थे ,तभी आतंकियों ने गोलीबारी कर दी है। जिससे वीडीजी सदस्य मोहम्मद शरीफ गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### किसानों को राहत: केंद्र ने प्याज के निर्यात पर से हटाया प्रतिबंध

# भारत से छह देशों को होगा 99,150 टन प्याज का निर्यात

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बीच केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र में प्याज की खेती करने वाले किसानों को बड़ी और जरूरी राहत दी है। केंद्र ने बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात जैसे छह देशों के सिए एक लाख टन प्याज निर्यात करने की अनुमति दी है।

केंद्र ने मध्य पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 टन सफेद प्याज के निर्यात की भी अनुमति दी है। सरकार ने आठ दिसंबर, 2023 को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक



आधिकारिक बयान में कहा कि सरकार ने छह देशों- बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। इन देशों को प्याज निर्यात करने वाली एजेंसी राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) ने ई-प्लेटफॉर्म के जरिए निर्यात के लिए घरेलू प्याज मंगाया है। एनसीईएल ने इन देशों की सरकारों के द्वारा द्वारा नामित एजेंसियों को 100 प्रतिशत अग्रिम भुगतान के आधार पर प्याज की आपूर्ति की है।

#### फडणवीस ने केंद्र को दिया धन्यवाद

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने निर्यात की अनुमति देने के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा, विपक्ष केंद्र के फैसले से नाखुश है। अब भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला करने के लिए मुद्दा खो चुका है। किसानों के मुद्दे कभी भी विपक्ष के लिए प्राथमिकता में नहीं थे। केंद्रीय मंत्री और डिंडोरी से भाजपा उम्मीदवार भारती पवार ने कहा कि सरकार की घोषणा से प्याज किसानों ने राहत की सांस ली है। निर्यात प्रतिबंध को लेकर डिंडोरी में प्याज किसानों द्वारा आलोचना झेलने वाले पवार ने कहा, मेरा मानना है कि यह किसानों को राहत देने के लिए सरकार का एक नया कदम है। आपको बता दें कि डिंडोरी में प्याज की खेती करने वाले किसानों की अच्छी खासी संख्या है। नासिक में भाजपा नेताओं ने माना है कि केंद्र की घोषणा डिंडोरी लोकसभा सीट में पार्टी के लिए एक बड़ी राहत है। उन्होंने कहा, इससे हमें प्याज के किसानों को लुभाने में मदद मिलेगी। प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वे असंतुष्ट थे। अब हमें विश्वास है कि भाजपा के पक्ष में यहां माहौल बनेगा। एक प्याज निर्यातक विकास सिंह ने कहा, नासिक से हर महीने लगभग 48,000 टन प्याज निर्यात किया जाता है। महाराष्ट्र में अहमदनगर जैसे अन्य जिले हैं जहां से कम मात्रा में निर्यात किया जाता है। इतनी कम मात्रा में निर्यात की अनुमति दी जाएगी।

### चढ़ते पारे पर लग सकता है विराम

## राजस्थान समेत कई राज्यों में बारिश संभव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सूरज के चढ़ते पारे पर कुछ विराम लगने वाला है। दरसल उत्तर भारत के कई राज्यों में अगले 12 घंटों के भीतर बारिश होने वाली है। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू कश्मीर के हिस्सों व दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर के कुछ हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। उत्तर भारत के इन राज्यों के अलावा राजस्थान के कुछ हिस्से में भी बारिश और तेज हवाओं का अनुमान है। मौसम विभाग ने जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड समेत लद्दाख के जिम्मेदार महत्व को बदलने वाले मौसम से अवगत करा दिया है। दरअसल कुछ इलाकों में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक इस वजह से इन इलाकों में बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि कुछ राज्यों में तेज बारिश का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिक चक्रेश द्विवेदी ने बताया कि उत्तर पश्चिम के हिमालयी क्षेत्र में कम दबाव के



फाइल फोटो

क्षेत्र बन रहे हैं। इन कम दबाव के क्षेत्र के बनने से कुछ इलाकों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन की परिस्थितियां भी पैदा हो रही हैं। जिससे बारिश होगी। इस तरीके का मौसम अगले तीन दिनों तक बने रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार मंगलवार की सुबह तक दिल्ली- एनसीआर समेत हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी हल्की-फुल्की बरसात भी हो सकती है। विभाग के अनुमान के मुताबिक अगले दो दिनों में इन इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। जबकि कुछ इलाकों में धूल भरी हवाएं और कुछ हिस्सों में तेज आंधी के साथ बारिश होगी।

### चीनी आक्रामकता पर बोले रक्षा मंत्री

## भारत न कभी झुका है, ना झुकेगा

**एजेंसी** | अहमदाबाद

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारू रूप से और अच्छे माहौल में चल रही है और भारत कभी नहीं झुकेगा।

लोकसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने के लिए अहमदाबाद आए राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत सैन्य दृष्टिकोण से एक शक्तिशाली देश बन गया है और अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है।

सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा चीन की आक्रामकता



को लेकर की गई टिप्पणी पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमें बातचीत के नतीजों का इंतजार करना चाहिए।

मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत न कभी कहीं झुका है और न ही झुकेगा। सिंह ने विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात आने वाले समय में और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 2104 में हमने 600 करोड़ की रक्षा सामाग्री निर्यात की थी लेकिन आज 2023-24 में यह आंकड़ा 21 हजार करोड़ रुपए को पार कर गया है।

मैं कह सकता हूं कि यह अभी और बढ़ेगा। मोदी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि रक्षा वस्तुएं फिर चाहे वह मिसाइल हो, बम हो, टैंक हो या फिर कोई अन्य हथियार वह सिर्फ भारत में और भारतीयों द्वारा ही बनाई जानी चाहिए।

## सुनीता को मिली मुलाकात की अनुमति रद्द

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को मिलने की इजाजत रद्द कर दी है। उनकी मुलाकात केजरीवाल से सोमवार को होनी थी। तिहाड़ जेल प्रशासन ने सुनीता केजरीवाल की मुलाकात रद्द करने का अभी कोई कारण नहीं बताया है। एक बार में दो लोग केजरीवाल से जेल में मुलाकात कर सकते हैं। मुलाकात सिर्फ सोमवार के लिए ही रद्द की गई है। आबकारी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च की शाम सीएम केजरीवाल को 2 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

### हांगकांग और सिंगापुर में मसालों पर रोक से बढ़ी चिंता

## अब अमेरिका भी जुटा रहा जानकारी

**एजेंसी** | हैदराबाद

भारत के दो प्रमुख ब्रांडों के मसालों में कथित तौर पर कीटनाशक पाए जाने के मामले में अमेरिका भी जानकारी जुटा रहा है। हांगकांग के खाद्य नियामक सेंटर फार फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने कहा था कि इन मसालों में कीटनाशक, एथिलीन आक्साइड पाया गया जिससे कैंसर होने का खतरा होता है।

अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) के प्रवक्ता ने बताया कि एफडीए रिपोर्टों से अवगत है। हम इस बारे में अतिरिक्त जानकारी जुटा रहे



हैं। गौरतलब है कि हांगकांग के सीएफएस ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों को न खरीदने को कहा है, जबकि सिंगापुर की खाद्य एजेंसी ने ऐसे मसालों को वापस लेने का निर्देश दिया है।

जिन चार उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें एमडीएच का मद्रास करी पाउडर, एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिक्स और एमडीएच करी पाउडर मिक्स मसाला शामिल हैं। एमडीएच और एवरेस्ट ने मामले पर टिप्पणी नहीं की है, हालांकि एवरेस्ट ने पहले कहा था कि चिंता की कोई बात नहीं है।

### दुबई में बन रहा है दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट

# 400 गेट... 5 रनवे व 26 करोड़ यात्रियों की क्षमता होगी

**एजेंसी** | नई दिल्ली/दुबई

बड़ी-बड़ी शानदार इमारतें बनाने वाला संयुक्त अरब अमीरात में अब दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनाने जा रहा है। यह एयरपोर्ट दुबई में बन रहा है। रविवार को दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल-मकतूम ने एक नए यात्री टर्मिनल को मंजूरी दे दी है। बता दें कि इस एयरपोर्ट को बनाने का काम 2013 से ही शुरू कर दिया गया था। इस नए एयरपोर्ट का नाम अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा।

शेख मोहम्मद राशिद अल मकतूम ने कहा कि यह दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा और




ग्लोबल सेंटर के रूप में विकसित होगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इसमें करीब 35 अरब डॉलर यानी करीब 2.9 लाख करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इस एयरपोर्ट पर पांच समानांतर रनवे होंगे। इसके अलावा एयरपोर्ट की क्षमता सालाना 26 करोड़ लोगों की होगी। एयरपोर्ट पर 400 एयरक्राफ्ट गेट होंगे। शेख अल मकतूम ने कहा कि यह एयरपोर्ट ना केवल मौजूदा पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण होगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भी विकास में बड़ी भूमिका निभाता रहेगा। आने वाले समय में दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भी इसी नए एयरपोर्ट में मिला दिया जाएगा।

दुबई के मौजूदा एयरपोर्ट से यह नया एयरपोर्ट पांच गुना बड़ा होने वाला है। इस एयरपोर्ट के माध्यम से ही दुबई में 10 लाख लोगों के हाउसिंग प्रोजेक्ट का भी काम होना है। इसके अलावा यह एयरपोर्ट कई वैश्विक लॉजिस्टिक कंपनियों के लिए भी संभावनाओं के द्वार खोलेगा।

दुबई की सरकारी स्वामित्व वाली एयरलाइन एमिरेट्स के अध्यक्ष शेख अहमद बिन सईद अल-मकतूम ने कहा कि यह हवाई अड्डा प्रमुख वाहक एमिरेट्स और उसकी कम लागत वाली एयरलाइन फ्लाईदुबई के साथ-साथ दुनिया को दुबई से जोड़ने वाले सभी एयरलाइन भागीदारों का नया घर साबित होगा।

#### ये होंगी खासियत

- 26 करोड़ यात्रियों की क्षमता वाला होगा एयरपोर्ट।
- होंगे 400 टर्मिनल गेट और पांच रनवे।
- 2.9 लाख करोड़ रुपए का खर्च आएगा

#### व्यस्ततम हवाई अड्डों में शामिल है दुबई एयरपोर्ट

बता दें कि दुबई इंटरनेशल एयरपोर्ट की गिनती दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में भी होती है। 2022 में इस हवाई अड्डे का इस्तेमाल 6.6 करोड़ यात्रियों ने किया था। इस हवाई अड्डे से बड़ी संख्या में लोग सऊदी अरब, भारत, पाकिस्तान और ब्रिटेन की यात्रा करते हैं।

### मणिपुर में फिर हिंसा

## ग्राम स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी में एक की मौत

**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर में हिंसा थम नहीं रही है। बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के कैंप पर कुकी उग्रवादियों के हमले के एक दिन बाद रविवार को दो गुटों के ग्राम स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल लोग हो गए। स्थिति पर नियंत्रण के लिए केंद्रीय और राज्य सुरक्षा बलों की संयुक्त टुकड़ी क्षेत्र में पहुंच गई है। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह ग्राम स्वयंसेवकों के सशस्त्र कैडरों ने कांगपोकपी जिले की पहाड़ियों से इंफाल पश्चिम जिले के कौत्रुक गांव पर हमला किया। इसके बाद सीमावर्ती गांव में तैनात स्वयंसेवकों ने जवाबी कार्रवाई की। निकटवर्ती कडांगबंद और सेनजाम चिरांग गांव भी गोलीबारी की जद में आ गए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि गोलीबारी में 'पम्पी' नाम से जाने जाने वाले मोर्टार गोले का भी इस्तेमाल किया गया। इस बीच, कांगपोकपी जिले की आदिवासी एकता समिति ने रविवार दोपहर से जिले में 12 घंटे के बंद का आह्वान किया है। इससे पहले बिष्णुपुर जिले में शनिवार तड़के आईआरबीएन (इंडिया रिजर्व बटालियन) के कैंप पर कुकी उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो जवान शहीद हो गए थे। हमले में दो अन्य जवान घायल हुए हैं।

## 'द मॉगल' में ईशा गर्ग ने पेश किए बुर्के, जामा और घाघरे के कई रूप

# यंग सोच न्यू ट्रेंड्स के संग उतरी रैंप पर शोकेस किए पर्शियन-इंडियन फ्यूजन

बेधड़क | जयपुर

यंग सोच जब न्यू ट्रेंड्स लेकर रैंप पर आई तो फैशन लवर्स देखते रह गए। परशियन और इंडियन फ्यूजन व पर्शियन बुर्के, जामा और घाघरे के कई रूप इस तरह शोकेस किए गए कि हर उम्र के लोगों ने इस ट्रेंड को हाथों हाथ लिया। व्हाइट ड्रेस कलेक्शन गर्मियों में सुकून देने वाला था तो पार्टी व वेडिंग वियर खास रहे। मौका था राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'द मॉगल' फैशन शो का, जिसमें परशियन और इंडियन स्टाइल के कपड़ों की बहार ने मौजूद फैशन पसंद लोगों का दिल जीत लिया। युवा फैशन डिजाइनर ईशा गर्ग ने हाल ही में डिजाइन किए कलेक्शन को अनूठे अंदाज में शोकेस किया। शो के लिए ईशा ने इंडियन और पर्शियन शैली का खास फ्यूजन तैयार किया था।







### मिस्र के संगीत के बीच शोकेसिंग

शो के सारे राउंड्स की कोरियाग्राफी मिस्र के पारंपरिक संगीत और भारतीय शास्त्रीय संगीत की दिलकश मैलॉडीज को मिलाकर तैयार किए गए संगीत पर आधारित थी। संगीत में बज रही वॉयलिन और परशियन फोक इंस्ट्रूमेंट रबाब की अवाज ने माहौल में अजीब रोमांच जगा दिया।

### फैशन फैकल्टी में कॅरियर बना रहे युवक-युवतियों ने की कैटवॉक

कई चक्रों में चले फैशन शो में रैंप पर कैटवॉक करने के लिए फैशन फैकल्टी में कॅरियर बना रहे युवक-युवतियां थे। इस दौरान इन मॉडल्स ने ईशा के डिजाइन किए बुरखे, परशियन जामा और घाघरे के साथ इंडियन स्टाइल के कलीदार कुर्ते को शोकेस किया।

### क्राउन के साथ उतरीं रैंप पर वॉक

शो में कई मॉडल्स ने सिर पर मुगल शैली के छोटे-छोटे क्राउन लगा रखे थे और उनके साथ रैंप वॉक करते हुए वे रूबरू हुईं। फैशन डिजाइनिंग की स्टूडेंट प्रियंवदा शो स्टॉपर स्टार्टर रहीं, जबकि मॉडल और कोरियोग्राफर नंदिनी बिष्ट शो स्टॉपर बनी। इस दौरान शहर के कई फैशन लवर्स ये शो देखने के लिए मौजूद रहे, जिन्होंने डिजाइनर से कलेक्शन की जानकारी लेते हुए उनको मोटिवेट भी किया। डिजाइनर ने भी अपनी महीनों की मेहनत के बारे में विस्तार से बताया और यूनिक चीजों की जानकारी शेयर की। डिजाइनर की सोच और क्रिएटिविटी को सभी ने सराहा।

## मैच में टीमों का शानदार प्रदर्शन



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में राजस्थान फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रॉयल फुटबॉल क्लब मैदान में 72 मैचों में से 49 नंबर का मैच खेला गया। इसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी और समाजसेवी धमन लाल के साथ राजस्थान फुटबॉल संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत और उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह बीजारीनिया मौजूद रहे। मैच एएसएल फुटबॉल क्लब और सनराइस फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। इसमें अंतिम समय तक दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। दोनों ही टीमों ने एक-एक गोल किया। इससे मैच बराबरी पर रहा।

## स्वाध्याय में दिखा उत्साह



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी ज्योति नगर जैन मंदिर में द्वादश वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के एग्जाम हुए। पाठशाला संयोजक सुरेश शाह व राजेंद्र ठोलिया ने बताया कि निर्यापक मुनि सुधासागरजी की प्रेरणा से श्रमण संस्कृति संस्थान द्वारा स्वाध्याय को जन-जन तक पहुंचाने के कार्यक्रम के तहत परीक्षाएं हुईं, जिसमें महिलाओं ने भाग लिया। केंद्रीय पर्वेक्षक प. विनय शास्त्री ने परीक्षाओं को अपने निर्देशन में संरक्षक शिखर चंद जैन व किरण जैन तथा मुख्य संयोजक पदमजैन बिलाला के सहयोग से संपन्न कराया।

## जयपुर में नृत्य की महफिल

**बेधड़क. जयपुर।** विश्व नृत्य दिवस के लिए कार्यक्रम 'नृत्यति' आयोजित किया गया। इस मौके पर नृत्यांगना डॉ. श्वेता गर्ग और धीरेन्द्र तिवारी की प्रस्तुतियों में उनके अनुभव की अनुभूतियों ने कथक प्रेमियों की दाद बटोरी। वहीं कथक नृत्य की साधना में लगे युवक-युवतियों ने उनको मिले सबक का मनोयोग से प्रदर्शन किया।




## City इवेंट्स

### पत्रकार कौशिक की स्मृति में रक्तदान



**बेधड़क. जयपुर।** फ़ेडरल ऑर्गेनाइजेशन फॉर नर्सिंग सर्विस की ओर से वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर कौशिक की स्मृति में आशीर्वाद हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 32 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ और मुख्य अतिथि मंजू शर्मा भाजपा प्रत्याशी सांसद तो विशिष्ट अतिथि आलोक शर्मा डिप्टी रजिस्ट्रार आर यू एच एस थे। साथ ही पार्षद आशीष शर्मा, नवरत्न शर्मा, डॉक्टर राजेंद्र शर्मा, परमार लवलेस पंचोली, दीपेश भारद्वाज, हेमेंद्र पारासर, मनीष सक्सैना, राजकुमार अवस्थी, डिगबंर दयाल शर्मा व उपस्थित रहे।

### शिविर में 182 यूनिट रक्त एकत्र



**बेधड़क. जयपुर।** पूर्व पार्षद स्व. रमेश गुर्जर की प्रथम पुण्यतिथि पर शास्त्री नगर के रमेश गुर्जर पार्क में रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आलोक ने बताया कि इस अवसर पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी, पूर्व महापौर निर्मल नाहटा, विभिन्न वार्डों के पार्षद सहित वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। अतिथियों ने कहा कि स्व. रमेश गुर्जर क्षेत्र के लोकप्रिय पार्षद होने के साथ सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में यश प्राप्त करने वाले व्यक्ति थे। शिविर में 182 युनिट ब्लड एकत्र हुआ।

### देव नगर पार्क ने मनाया स्थापना उत्सव



**बेधड़क. जयपुर।** सन टू ह्यूमन देव नगर पार्क में जयपुर शहर के वरिष्ठ साधकों ने स्थापना उत्सव मनाया और भवानी निकेतन में 28 मई से 2 जून तक होने वाले उत्सव के प्रचार की शुरूआत की। देव नगर पार्क साधना स्थल को एक साल पूरा होने के उत्सव पर परम आंनद, नरेन्द्र बेद, अम्बरीष, मां प्रकृति, मां ओजस्विनी सहित मां अधीरा और 200 से ज्यादा सदस्य उपस्थित रहे।

## 'एक शाम बाबा खाटू श्याम के नाम'

# 'सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए हैं...'



बेधड़क | जयपुर।

गुलाबी नगरी खाटू वाले श्याम बाबा के भक्ति रंग में रंगी नजर आई। द दीवा'ज क्लब की ओर से मानसरोवर स्थित आनंद महल में 'एक शाम बाबा खाटू श्याम के नाम' में देर रात तक भजनों की स्वर लहरियों पर श्रद्धालु झूमते रहे।

80 फीट ऊंचे दरबार में श्याम प्रेमियों ने खाटूश्यामजी के शीश और अखण्ड ज्योति के दर्शन कर धर्म लाभ लिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने एक से बढ़कर एक भक्ति रचनाओं का आनंद लिया। इस मौके पर द दीवा'ज क्लब की संस्थापक कीर्ति निखिल जोशी, प्रेसिडेंट सोनिया मल्होत्रा, विशिष्ट अतिथि ढाकाराम, अजय सिंह राजावत, दीपक सिंह नरूका, चरणसिंह खंगारोत, विशाल श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह नरूका, यतेंद्र कुमार सिंह, नंद किशोर भिंडा, विवेक गुप्ता, पवन गोयल, सतीश रामकुमार गोयल, गौरव जैन सहित अनेक उपस्थित रहे। छप्पन भोग के साथ ही श्रीराधा-कृष्ण की जीवंत झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। कीर्ति निखिल जोशी ने बताया कि कोलकाता से भजन गायक राज ने भक्तिपूर्ण स्वर लहरियां बिखेरकर को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने श्याम बाबा की महिमा में 'मेरी बिगड़ी बनाने वाला श्याम सांवरा', 'सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए हैं', 'आयो सांवरियो सरकार लीले पे चढ़ के'... जैसे भजन गाए।

## डॉक्टर प्रीमियर टेनिस लीग में हुए रोमांचक मुकाबले

# मलोत, सवाई, स्पोर्टीडोक और KC मेमोरियल सेमी फाइनल में



बेधड़क | जयपुर।

मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में अक्षत चतुर्थ संस्करण डॉक्टर प्रीमियर टेनिस लीग में सीनियर टीम वर्ग में रोमांचक मुकाबले हुए। लीग चेयरमैन डा. जयंत सेन ने बताया कि दबंग सिंगल्स में डॉ. आदित्य ने डॉ. हेमंत को 6-4 से डॉ. सुधांशु ने डॉ. रुचिर को 7-5 से डॉ. रवि ने डॉ. अभिषेक को 6-2 से व डॉ. कपिल ने डॉ. टीएस सिंह को 6-2 से हराया। आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि दबंग डबल्स में डॉ. पुनीत -डॉ. संदीप ने डॉ. आदित्य -डॉ. टीएस सिंह को 6-4 से व डॉ. निशान्त -डॉ. कपिल ने डॉ. आशीष -डॉ. अंकित को 6-3 से हराया।

लीग को चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि मलंग सिंगल्स में डॉ. लोकेश ने डॉ. विकास को 6-3 से ,डॉ. गीतेश ने डॉ. संकल्प को 6-1 ,डॉ. रामचंदानी ने डॉ. राकेश लाल को 6-3 से व डॉ. अजीत ने डॉ. वैंकटेश को 6-4 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. ओम मील ने बताया कि मलंग डबल्स में डॉ. अजीत -डॉ. चेतन ने डॉ. आशीष -डॉ. सतीश को 7-5 से व डॉ. सुनील-डॉ. संकल्प ने डॉ. बी के बीनावरा-डॉ. राजेंद्र को 6-2 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. दीपाली पाठक ने बताया कि मलंग डबल्स में डॉ. अजीत -डॉ. चेतन ने डॉ. आशीष -डॉ. सतीश को 7-5 से हराया।

**स्मृति** | बच्चों के साथ बांटी खुशियां और बहाई भक्ति धारा

# धार्मिक, सामाजिक और मानव सेवा कर शांति की कामना

बेधड़क | जयपुर

जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष विनोद-दीपिका जैन कोटखावदा के सुपुत्र सीए छात्र स्व. ऋषभ जैन की 15वीं स्मृति पर ऋषभ सेवा संस्थान, जैन सोशल ग्रुप मेट्रो व संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की ओर से धार्मिक, सामाजिक व सेवा कार्य किए गए।

ऋषभ सेवा संस्थान अध्यक्ष महेन्द्र साह आबूजीवाले व मानद सचिव विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आगरा रोड स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी में भगवान पार्श्वनाथ के सामूहिक दर्शन, अभिषेक के बाद विश्व में सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। अष्ट द्रव्य से पूजा-अर्चना हुई और पूजा के दौरान मंत्रोच्चार के साथ अर्घ्य चढ़ाए गए।





### बच्चों के साथ बांटी खुशियां

सुबह 11:30 बजे श्योपुर के विद्यासागर स्कूल के पास स्थित संत जुड़े इण्डिया चाइल्ड केयर सेंटर में कैंसर पीड़ित बच्चों की सेवा सुश्रुषा की उनके साथ खुशियां बांटी। सूर्य नगर स्थित कोटखावदा हाऊस पर विश्व शांति प्रदायक णमोकार महामंत्र व भक्तामर स्तोत्र के सामूहिक पाठ किए गए। इस मौके पर अशोक बाकलीवाल, महेन्द्र साह, चेतन जैन निमोडिया, कमल वैद, दीपक गोधा, अंकित बाकलीवाल, सीए शुभम जैन, सुशील जैन, मुन्ना देवी, माया साह, प्रेमलता बाकलीवाल, सुशीला साह, मैना गंगवाल, नीतू जैन, दीपा गोधा, कुसुम जैन, सुनीता जैन, अमिता साह, मीनू जैन निमोडिया, दिव्या बाकलीवाल, देवांश बाकलीवाल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। गौरतलब है कि 28 अप्रैल 2009 को ऋषभ जैन की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 29 अप्रैल, 2024





अज्ञानी होना बेहतर है, कम से कम अज्ञान तो तुम्हारा है। यह प्रामाणिक है, यह वास्तविक है, सच्चा और ईमानदार है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

**दक्षिणी चीन में 19 मिलियन लोगों की आबादी वाले शहर गुआंगजौ में तूफान का कहर**

# दक्षिणी चीन में बवंडर से तबाही

**एजेंसी** | बीजिंग

दक्षिणी चीन के गुआंगजौ में आए बवंडर में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 33 लोग घायल हो गए। दक्षिणी चीन में 19 मिलियन लोगों की आबादी वाले शहर गुआंगजौ में स्तर-तीन की तीव्रता वाले बवंडर ने तबाही मचा दी।

चीनी अधिकारियों के मुताबिक इस बवंडर से 141 फैक्ट्री की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, लेकिन कोई भी आवासीय घर नहीं गिरा। रिपोर्ट के अनुसार बैयुन जिले के लियांगटियन गांव में बवंडर आया। वहां से लगभग 1.7 मील की दूरी पर 20.6 मीटर प्रति सेकंड की अधिकतम हवा का झोंका दर्ज किया गया, वहीं, पिछले कुछ हफ्तों में भारी बारिश के चलते दक्षिणी चीन में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। इससे लाखों लोगों की जान खतरे में पड़ गई।




**141** फैक्ट्री क्षतिग्रस्त
**05** लोगों की मौत, 33 घायल



### 1 लाख से ज्यादा लोगों को किया शिफ्ट

राज्य मीडिया ने स्थानीय सरकार का हवाला देते हुए बताया कि ग्वांगडोंग प्रांत 127 मिलियन लोगों का आर्थिक महाशक्ति है, यहां बड़े पैमाने पर बाढ़ देखी जा रही है, जिसके कारण 110,000 से अधिक लोगों को स्थानांतरित करना पड़ा है। इस सप्ताह की शुरुआत में सरकारी मीडिया ने बताया कि बाढ़ के चलते गुआंग्डोंग में कम से कम चार लोगों की जान चली गई।

### भारी बारिश और तूफान की चेतावनी

चीन में बवंडर उतनी बार नहीं आते जितने अमेरिका में आते हैं। 2015 के एक सहकर्मी-समीक्षा वैज्ञानिक लेख में पाया गया कि चीन में प्रति वर्ष औसतन 100 से कम बवंडर आते हैं। 1961 के बाद से 50 वर्षों में देश में बवंडर से 1,772 लोग मारे गए। चीन मौसम विज्ञान एजेंसी ने महीने के अंत तक भारी बारिश और तेज तूफान जारी रहने की चेतावनी दी है। रिपोर्ट के अनुसार 16 अप्रैल से लगातार मूसलाधार बारिश ने पर्ल रिवर डेल्टा, चीन के विनिर्माण गढ़ और देश के सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्रों को प्रभावित किया। गुआंग्डोंग के चार मौसम स्टेशनों ने अप्रैल के लिए रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई।

**इराक की संसद ने कानून बनाकर LGBTQ को घोषित किया अपराध**

# समलैंगिक संबंध बनाने पर होगी 15 साल की जेल

**एजेंसी** | बगदाद

इराक ने समलैंगिक संबंधों को अपराध घोषित करने वाला कानून पास कर दिया है। इराक की संसद ने इस कानून को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य देश में धार्मिक मूल्यों को बनाए रखना है। कानून के अनुसार, समलैंगिक सबंधों के लिए दोषी पाए जाने पर जोड़ों को अधिकतम 15 साल तक सजा हो सकती है। एलजीबीटीक्यू समुदाय के खिलाफ लाए गए इस कानून की अधिकार समूह कार्यकर्ताओं ने निंदा की है और इसे लोगों के खिलाफ उत्पीड़न का एक हथियार बताया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, संसद से पास कानून की प्रति में कहा गया है, इसका उद्देश्य "इराकी समाज को नैतिक पतन और दुनियाभर में फैल रही समलैंगिकता की चपेट से बचाना है।



### लिंग परिवर्तिन पर भी जेल

कानून में उन लोगों के लिए भी सजा का नियम है जो अपनी इच्छा से लिंग परिवर्तन कराते हैं। ऐसे मामले में सर्जरी कराने वाले ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और डॉक्टरों को तीन साल तक की जेल हो सकती है। हालांकि, नए कानून में ऐसे मामलों को राहत दी गई है जिसमें व्यक्ति के जन्मजात लैंगिक दोषों का इलाज करने के लिए चिकित्सा हस्तक्षेप की आवश्यकता है। इसके साथ ही कानून में जानबूझकर महिलाओं जैसे कपड़े पहनने और तैयार होने पर भी तीन साल की सजा का प्रावधान है।

### कानून को था शिया मुस्लिम पार्टियों का समर्थन

इस कानून को मुख्य रूप से रूढ़िवादी शिया मुस्लिम पार्टियों का समर्थन प्राप्त था। मुस्लिम बहुल इराक की संसद में शिया पार्टियों का गठबंधन सबसे बड़ा है। नया कानून 1988 के वैश्यावृत्ति विरोधी कानून का संशोधन है, जिसमें समलैंगिकता को भी शामिल कर लिया गया है। वैश्यावृत्ति और समलैंगिकता विरोधी कानून के तहत सेम सेक्स संबंधों पर कम से कम 10 साल और अधिकतम 15 साल की जेल का प्रावधान किया गया है। इसके तहत समलैंगिकता या वैश्यावृत्ति को बढ़ावा देने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए कम से कम सात साल की जेल का आदेश दिया गया है।

### विधेयक में किया गया था मौत का प्रावधान

रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआत में विधेयक में समलैंगिक संबंधों के लिए मौत की सजा का नियम डाला गया था, लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय देशों के कड़े विरोध के बाद पारित होने से पहले इसमें संशोधन किया गया था। इससे पहले तक इराक में समलैंगिक संबदों को अपराध घोषित करने के लिए कोई स्पष्ट कानून नहीं था। हालांकि, पहले के कानूनों में नैतिकता के हिस्से का इस्तेमाल एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों को निशाना बनाने के लिए किया जाता था।

### इराक के इस कदम की कई देशों में निंदा

इराक की संसद ने समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी में रखने वाले एक कानून को पारित किया है। समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों को अधिकतम 15 साल जेल की सजा देने का फैसला लिया है। इराक का कहना है कि इस कानून का उद्देश्य धार्मिक मूल्यों को बनाए रखना है। कानून की प्रति में कहा गया है कि कानून का उद्देश्य इराकी समाज को नैतिक भ्रष्टता और समलैंगिकता के आह्वान से बचाना है, जिसने दुनिया को पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, इराक के इस कदम की कई देशों ने निंदा की गई।


**दूसरे ग्रहों पर जीवन की खोज**

# जेम्स वेब टेलीस्कोप से खोजेंगे एलियन

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप अब तक लॉन्च किया गया दुनिया का सबसे शक्तिशाली टेलीस्कोप है। यह अब दूसरे ग्रहों पर जीवन की खोज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक यह दूरबीन 124 प्रकाश वर्ष दूर पर मौजूद एक लाल बौने तारे, K2-18b की परिक्रमा कर रहे एक दूर के ग्रह को देखेगा। वैज्ञानिकों को इस ग्रह को लेकर कुछ ऐसे लक्षण दिखे हैं, जिससे संभवतः यहां जीवन हो सकता है। वैज्ञानिक मान रहे हैं कि यह ग्रह महासागर से ढकी है और पृथ्वी से ढाई गुना बड़ी है।

वैज्ञानिक जिस प्रमुख तत्व को खोज रहे हैं, उसका नाम डाइमिथाइल सल्फाइड (डीएमएस) है, जो एक आकर्षक विशेषता वाली गैस है। नासा के मुताबिक पृथ्वी पर डीएमएस केवल जीवों से निकलता है। मुख्य रूप से समुद्री फाइटोप्लांकटन के जरिए। K2-18b के वातावरण में डीएमस की उपस्थिति एक महत्वपूर्ण खोज होगी। हालांकि स्टडी से जुड़े खगोल भौतिकीविद् डॉ. निक्कू मधुसूदन तुरंत किसी निष्कर्ष पर पहुंचने को लेकर आगाह करते हैं। प्रारंभिक डेटा डीएमएस की उपस्थिति की उच्च संभावना बताता है और इसके आगे के विश्लेषण की जरूरत है। अभी वैज्ञानिकों को उस प्राकृतिक, भूवैज्ञानिक या रासायनिक प्रक्रिया के बारे में नहीं पता है जिससे बिना जीवन के डीएमएस पैदा हो सके। इस कारण वैज्ञानिक और भी उत्साहित हैं। हालांकि K2-18b पृथ्वी से विशाल दूरी पर है, जो एक तकनीती बाधा पैदा करती है। वोयजर अंतरिक्ष यान की गति से चलकर ग्रह तक पहुंचने और उसकी जांच में 22 लाख साल लगेंगे।



### जेम्स वेब के लिए नहीं मुश्किल

पृथ्वी से इतनी दूरी के बावजूद किसी ग्रह से आने वाले प्रकाश को देखकर जेम्स वेब टेलीस्कोप उसके रासायनिक संरचना का विश्लेषण कर सकता है। इस नए विश्लेषण से वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि वह यह जान सकेंगे कि क्या एलियन सच में हैं या नहीं? आगामी अवलोकनों का उद्देश्य K2-18b के वायुमंडल में मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड के अस्तित्व को स्पष्ट करना है, जबकि गैस के गैर-जैविक स्रोतों पर सैद्धांतिक काम जारी है, अगले चार से छह महीनों के अंदर निश्चित निष्कर्ष निकलने की उम्मीद है।

# एलन मस्क चीन के औचक दौरे पर रवाना

**एजेंसी** | शंघाई

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क रविवार को अचानक चीन के दौरे पर रवाना हो गए। मस्क की चीन यात्रा 'टेस्ला दायित्वों' के कारण उनकी भारत यात्रा स्थगित होने के एक सप्ताह बाद हो रही है। इससे पहले उन्होंने घोषणा की थी कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर और भारतीय बाजार में प्रवेश करने की योजना पर बात करेंगे। चीन इलेक्ट्रिक वाहन का दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी है।



सूत्रों के मुताबिक, मस्क चीन में फुल-सेल्फ ड्राइविंग (एफएसडी) सॉफ्टवेयर के रोलआउट पर चर्चा करने और अपनी स्वायत्त ड्राइविंग के लिए एल्गोरिदम को प्रशिक्षित करने के लिए देश में एकत्र किए गए डेटा को विदेशों में स्थानांतरित करने की मंजूरी प्राप्त करने के लिए बीजिंग में वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से चर्चा करेंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक सवाल के जवाब में मस्क ने कहा कि टेस्ला चीन में ग्राहकों के लिए 'बहुत जल्द' एफएसडी उपलब्ध करा सकता है। विशेष रूप से, मस्क की चीन यात्रा को लोगों की नजरों में प्रमुखता से नहीं दिखाया गया।

टेस्ला ने 2021 से अपने चीनी बेड़े की ओर से एकत्र किए गए सभी डेटा को चीनी नियामकों की आवश्यकता के अनुसार शंघाई में संग्रहीत किया है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।